


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 6 जून 2026




## 25 हजार कम बिके एसी

एसी का कारोबार बड़ा होता है। ब्रांडेड एसी 30 हजार से एक लाख तक के आते हैं। पहले एसी कम बिकते थे, लेकिन बीते तीन सालों से एसी की डिमांड बढ़ गई है। हर साल 15 से 20 हजार एसी ज्यादा बिक रहे हैं। इस बार करीब डेढ़ लाख एसी बिकने का अनुमान था। लेकिन एक तरफ जहां इसके दाम बढ़ गए, वहीं बीते माह मौसम की भी मार पड़ गई। ऐसा होने से करीब 25 हजार एसी कम बिके हैं। अगर डेढ़ लाख एसी बिकते तो करीब सात सौ करोड़ का कारोबार हो जाता। लेकिन 25 हजार एसी कम बिकने के कारण करीब डेढ़ सौ करोड़ का कारोबार कम हुआ। कारोबारी तो उम्मीद कर रहे हैं कि जून में अगर गर्मी पड़ी तो 10-15 हजार एसी और बिक सकते हैं।

# गर्मी ने निकाला बिजली संयंत्रों का दम, तीसरी यूनिट बैठी, 630 मेगावाट का उत्पादन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीषण गर्मी के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्मी के कारण जहां एक तरफ आम इंसान परेशान हैं, वहीं बिजली के संयंत्र भी हांफ रहे हैं। कोरबा के 210 मेगावाट के तीन संयंत्र बंद होने से 630 मेगावाट का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसके कारण बिजली ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर



### कटौती की नौबत नहीं

बीते साल संयंत्रों के बंद होने के कारण बिजली कटौती करनी पड़ी थी। बीते माह बिजली की खपत 73 सौ मेगावाट तक गई थी। इस समय में बिजली की खपत छह हजार मेगावाट के आस-पास है। जहां तक अपने उत्पादन का सवाल है तो इस समय अपना उत्पादन महज 15 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए करीब चार हजार मेगावाट बिजली सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही है।

# एसी-कूलर का धंधा ठंडा, युद्ध से भड़की महंगाई इसलिए खरीदी कम, 200 करोड़ का झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एसी और कूलरों के दामों पर भी युद्ध की आग का इस बार सीजन में बड़ा असर दिखा। जहां एक तरफ धीरे-धीरे करके एसी के दाम में 20 फीसदी तक का इजाफा हो गया, वहीं कूलरों के दाम भी करीब 15 से 20 फीसदी बढ़ गए। एसी और कूलरों में महंगाई ▶▶|शेष पेज 7 पर



### दाम बढ़ने से कम बिके एसी

युद्ध की वजह से रॉ मटेरियल के कारण एसी के दाम बढ़े हैं। इसी के साथ मई में मौसम की भी मार रही। ऐसे में 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हुआ है।

-राजेश वासवानी
एसी कारोबारी




## खबर संक्षेप

### रास चुनाव : खड़गे ने भरा नामांकन

**बेंगलुरू।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कर्नाटक से राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बंगलुरू स्थित विधान सौधा में उन्होंने विधानसभा सचिव एमके विशालाक्षी के समक्ष नामांकन पत्र जमा किया। नामांकन दाखिल करने के बाद खड़गे ने कहा कि आज मैंने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया है।

मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी, 70 से 80 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी तूफानी हवाएं

# 19 राज्यों में बारिश, छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों के लिए अलर्ट

केरलम में गुरुवार को मानसून की आमद हो चुकी है। जल्द ही पूरे देश को यह कवर कर लेगा। इस बीच मौसम विभाग ने देश के 19 राज्यों में बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चल सकती हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों के लिए भी चेतावनी जारी की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केरलम में मॉनसून की दस्तक के साथ ही भीषण बारिश का दौर शुरू हो गया है। मानसून की केरलमम में 4 जून को एंट्री हुई। इसके साथ ही इसने पूरे प्रदेश को कवर कर लिया। मानसूनी हवाएं कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भी पहुंच गईं हैं। देशभर में मौसम में बदलाव आ गया है। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई राज्यों में आएं आंधी तूफान और झमाझम बारिश के बाद एक ओर गर्मी से राहत मिली ▶▶|शेष पेज 7 पर



**इन राज्यों के लिए एलर्ट जारी:** देश के 19 राज्यों दिल्ली, यूपी, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, केरलम, ओडिशा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और असम में आंधी-तूफान और बारिश का एलर्ट जारी हुआ है।

### यहां भारी बारिश की चेतावनी

मौसम विभाग ने कहा है कि दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में मॉनसून के सक्रिय होने के कारण केरलम, कर्नाटक और पूर्वोत्तर भारत में अगले 5-7 दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, विशेष रूप से 5 जून को उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में छिटपुट स्थानों पर बहुत भारी वर्षा होने की प्रबल संभावना है।

### मानसून आगे बढ़ रहा, पर छग में समय पर ही पहुंचेगा

रायपुर। प्रदेश में प्री-मानसून की व्यापक गतिविधि के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। अगले तीन से चार दिनों तक छिटपुट क्षेत्र में ही बारिश होने का अनुमान है। हवा के साथ अरब सागर से नमी का आना जारी है जिसे मानसून के आगे बढ़ने की अनुकूल स्थिति मानी जा रही है। संभावना है कि केरल में 4 दिन लेट से आने वाला मानसून अपनी सामान्य तारीख के आसपास ही दस्तक दे सकता है। राज्य में अधिकतम तापमान 41-42 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। यह अपनी सामान्य स्थिति में है, मगर वातावरण में मौजूद चिपचिपाहट गर्मी के प्रभाव को दोगुना कर रही है। पिछले चौबीस घंटे में प्री-मानसून बारिश का प्रभाव सीमित इलाकों में रहा। इसका असर बस्तर के कुछ हिस्सों तक सीमित रहा और सर्वाधिक वर्षा 5 सेमी. ओडगी में दर्ज की गई। अभी रायपुर समेत मध्य और अंबिकापुर समेत उत्तरी इलाका बारिश की गतिविधि ▶▶|शेष पेज 7 पर

बीसीए-एलएलबी की पढ़ाई शैक्षणिक सत्र 2026-27 से

# कंप्यूटर साइंस के साथ कानून की पढ़ाई कराएगा रविवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि शैक्षणिक सत्र छात्रों को कंप्यूटर साइंस और लॉ की पढ़ाई एक साथ कराएगा। ऐसा करने वाला रविवि तमिलनाडु विवि के बाद देश का दूसरा विवि होगा। रविवि में अब तक बीए-एलएलबी की पढ़ाई होती रही है, लेकिन शैक्षणिक सत्र 2026-27 से बीसीए-एलएलबी की भी पढ़ाई होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह प्रयोग किए जा रहे हैं। तमिलनाडु के डॉ.आंबेडकर लॉ यूनिवर्सिटी देश का पहला विवि है, जहां बीसीए-एलएलबी पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई थी। इस पाठ्यक्रम के लिए बार ▶▶|शेष पेज 7 पर

खास खबर

***ऐसा करने वाला तमिलनाडु के बाद देश का दूसरा विवि***



### बीसीआई दे चुका है अनुमति

हमें बार काउंसिल ऑफ इंडिया से अनुमति मिल गई है। यह पाठ्यक्रम विशेष रुप से कॉरपोरेट सेक्टर में मददगार साबित होगा।

- प्रो.राजीव चौधरी, विधि विभागाध्यक्ष, रविवि

### पांच वर्षीय पाठ्यक्रम 60 सीटें

रविवि सहित प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी बीएएलएलबी पाठ्यक्रम ही संचालित है। यह पांच वर्षीय पाठ्यक्रम होता है। इसके शुरुआती दो वर्षों में बीए की पढ़ाई करवाई जाती है। इसके बाद तीन वर्षों में छात्र लॉ की पढ़ाई करते हैं। बीसीए में शुरुआती दो वर्षों में कंप्यूटर एप्लिकेशन की पढ़ाई कराई ▶▶|शेष पेज 7 पर



# जेनेरिक दवाएं असर में ब्रांडेड से ज़रा भी कम नहीं, स्टडी में हुआ खुलासा

## सस्ती होने की वजह से लोग धारणा बना बैठे हैं कि जेनेरिक दवाएं असरदार नहीं होतीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेनेरिक दवाओं के बारे में अगर आपकी राय नेगेटिव (नकारात्मक) है तो आज से बदल लीजिए। जेनेरिक दवाएं भी उतनी ही असरदार और क्वॉलिटी वाली होती हैं, जितनी किसी ब्रांडेड या बड़ी कंपनी की दवा। ब्रांडेड के मुकाबले तो खैर सस्ती होती ही हैं। सस्ती होने की वजह से लोग धारणा बना बैठे थे कि जेनेरिक दवाएं उतनी असरदार नहीं होती हैं, जितनी ब्रांडेड या नामी कंपनियों की दवाइयां। केरल की फ्रंटियर फॉर्माकॉलोजी ने 131 जेनेरिक दवा नमूनों का क्वॉलिटी टेस्ट ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले में किया। पाया गया कि जेनेरिक दवाएं परीक्षण में ब्रांडेड दवाइयों जितनी ही असरदार थीं। केरल की फ्रंटियर्स इन फॉर्माकॉलोजी संस्था ने डॉ एब्बी फिलिप्स और सात डॉक्टरों के नेतृत्व में एक स्टडी की है। डॉ फिलिप्स राजगिरी अस्पताल कोच्चि (केरल) से जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया पर वो लीवर डॉक्टर के रूप में मशहूर हैं।

### सभी बीमारियों की दवाइयों का परीक्षण

डॉ फिलिप्स के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में केरल के विभिन्न क्षेत्रों में 22 आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं के 131 नमूने खरीदे गए। इनमें हार्ट, डायबिटीज, इन्फेक्शन, दर्द, एसिडिटी और अन्य बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली दवाएं शामिल थीं। ये नमूने सात प्रकार के अलग-अलग बिक्री केंद्रों से लिए गए। जिनमें सरकारी जन औषधि केंद्र, जेनेरिक दवा और महंगी ब्रांडेड दवाएं बेचने वाली फार्मेसियां शामिल थीं। इस स्टडी के लिए जनता से फंडिंग जुटाई गई थी।



### डॉक्टरों की भूमिका महत्वपूर्ण मरीजों के हित से जुड़े मामला

डॉक्टरों के लिए यह अध्ययन एक महत्वपूर्ण संदेश है। डॉक्टर का जेनेरिक दवा लिखना इलाज में किसी प्रकार का समझौता नहीं है। मरीज को वही प्रभावी दवा बहुत कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा सकती है। इस अध्ययन का सबसे बड़ा संदेश यही है कि सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं हैं।

### जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड कंपनियों से सस्ती हैं

कीमतों के मामले में तस्वीर बिल्कुल अलग है। अध्ययन में पाया गया कि जेनेरिक दवाएं औसतन ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 48.6 प्रतिशत सस्ती थीं। कुछ मामलों में सबसे महंगा ब्रांड उसी दवा के सबसे सस्ते जेनेरिक विकल्प से 13.9 गुना तक अधिक महंगा था। यानी पेन किलर की दवा ब्रांडेड कंपनी की बहुत मंहगी थी लेकिन जेनेरिक में उतनी ही असरदार दवा सस्ती थी। टेस्ट की गई 22 दवाओं में से 18 के लिए सरकारी जन औषधि केंद्र सबसे सस्ता विकल्प साबित हुए।

### कम कीमत यानी कम क्वालिटी समझना गलत

क्या सस्ती जेनेरिक दवाएं महंगी ब्रांडेड दवाओं जितनी ही प्रभावी होती हैं? यह एक ऐसा सवाल है जो मरीजों के साथ-साथ कई डॉक्टरों को भी परेशान करता रहा है। अक्सर यह धारणा बनी रहती है कि कम कीमत का मतलब कम क्वॉलिटी होता है। भारत जैसे देश में यह संदेह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि स्वास्थ्य सेवाओं पर परिवारों द्वारा अपनी जेब से किए जाने वाले कुल खर्च का लगभग दो-तिहाई हिस्सा दवाओं पर खर्च होता है।

### *मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में हुई कठोर जांच*

*इसके बाद सभी नमूनों को कोडिंग और रैंडेम प्रक्रिया के तहत एक शीर्ष मान्यता प्राप्त लेबोरेट्री में भेजा गया, जहां उनका कठोर परीक्षण किया गया। इस अध्ययन की खास बात यह थी कि इससे पहले बहुत कम शोध ऐसे हुए हैं जिनमें एक ही बाजार से खरीदी गई ब्रांडेड और जेनेरिक दवाओं की सीधे तुलना की गई हो जिसमें गुणवत्ता परीक्षण के साथ-साथ कीमतों का भी विस्तृत विश्लेषण किया गया हो।*

### *जेनेरिक भी ब्रांडेड दवाओं जितनी असरदार*

*अध्ययन के नतीजे बेहद स्पष्ट और चौंकाने वाले थे। जांचे गए सभी 131 दवा नमूने गुणवत्ता के हर परीक्षण में सफल पाए गए। यानी सफलता दर 100 प्रतिशत रही। दवा जेनेरिक थी या ब्रांडेड, सस्ती थी या महंगी, इससे कोई फर्क नहीं पड़ा। सभी दवाओं में सक्रिय औषधीय तत्व की मात्रा, शुद्धता और शरीर में घुलने की क्षमता समान रूप से मानकों के अनुरूप पाई गई।*

## खबर संक्षेप

### सेनाध्यक्ष जन. द्विवेदी ने राम मंदिर में दर्शन किए

**अयोध्या।** सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में पूजा की। जनरल द्विवेदी एक सैन्य विमान से अयोध्या पहुंचे।



प्रशासनिक अधिकारियों और फैजाबाद छावनी में तैनात डोगरा रेजिमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राम मंदिर न्यास के मुताबिक, सेनाध्यक्ष का मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता गोपाल नागरकट्टे ने स्वागत किया। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में करीब 30 मिनट बिताने के बाद जनरल द्विवेदी डोगरा रेजिमेंट के मुख्यालय के लिए रवाना हो गये।

### ठाणे में ट्रक से 1.89 करोड़ रुपये की शराब जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में आबकारी विभाग ने पनवेल-मुंब्रा राजमार्ग पर एक ट्रक से 1.89 करोड़ रुपये मूल्य की भारतीय निर्मित विदेशी शराब की 73,440 बोतलें जब्त की हैं। राज्य आबकारी विभाग के कोंकण संभाग के उपायुक्त प्रदीप पवार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार शाम को यह कार्रवाई की गई।
पवार ने बताया कि ट्रक चालक ने दावा किया था कि वाहन में वाहनों के पुर्जे (ऑटोमोबाइल पाट्र्स) लदे हैं, लेकिन तलाशी लेने पर उसमें से गोवा निर्मित व्हिस्की की 73,440 बोतलें बरामद हुईं। इन बोतलों पर कोई बैच नंबर या अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं था और महाराष्ट्र में इनकी बिक्री पर प्रतिबंध है।

## जनता कांग्रेस से नाराज, इसीलिए कर्नाटक सीएम बदला

# मोदी बोले- जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा, वो आत्मनिर्भर भारत का उड़ा रहे मजाक

एजेंसी ▶▶ सूरत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूरत में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों पर निर्भर रहने वाले देश विकसित नहीं होते है। आज देश में कुछ निराशावादी लोग हैं। जिन्होंने देश को दूसरों पर निर्भर रखा, आज वो आत्मनिर्भर भारत का मजाक उड़ा रहे हैं। मोदी ने कहा कांग्रेस 12 सालों से अराजकता और अनिश्चितता फैला रही है। कर्नाटक की जनता भी कांग्रेस की नकारात्मकता के नाराज है। इसलिए कर्नाटक में सीएम बदलना पड़ा।

पीएम मोदी ने कहा बीते सालों में दुनिया ने कई बड़ी महामारियों का सामना किया है। पहले कोरोना और फिर अब दुनिया में तेल, पेट्रोल और गैस की सप्लाई में दिक्कत आ रही है। मुझे गर्व है कि भारत आज 140 करोड़ देशवासियों की मदद से इस चुनौती का सामना कर रहा है।

**विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन:** पीएम मोदी ने सूरत में 18 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। मोदी ने सूरत में सड़क, बिजली और औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी 18,800 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सूरत में पीएम हाईवे के अलावा बड़े और छोटे पुल, रेलवे पुल, फ्लाईओवर और 70 अंडरपास का उद्घाटन किया। 4,732 करोड़ रुपए वाली एनएचएआई की चार परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

### आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्पलेक्स भी पहुंचे

पीएम ने सूरत में लार्सन एंड टुब्रो के आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स भी पहुंचे। उन्होंने यहां मेड इन इंडिया टैंक, ड्रोन के सामने खड़े होकर उसकी जानकारी ली। एलएंडटी कॉप्लेक्स भारत का अत्याधुनिक रक्षा निर्माण केंद्र है। यहां सेना के लिए बख्तरबंद वाहन, तोप से जुड़े सिस्टम और अन्य सैन्य प्लेटफॉर्म बनाए, असेंबल (जोड़े) और परीक्षण किए जाते हैं।

### स्वदेशी हथियारों का बड़ा केंद्र है हजीरा

गुजरात के हजीरा में स्थित लार्सन एंड टुब्रो का आर्म्ड सिस्टम्स कॉम्प्लेक्स भारत के निजी क्षेत्र का एक प्रमुख रक्षा उत्पादन केंद्र है। करीब 50 एकड़ में फैला यह अत्याधुनिक परिसर रोबोटिक वेल्डिंग, आधुनिक असेंबली और इंटीग्रेशन सिस्टम जैसी उन्नत तकनीकों से लैस है। वर्ष 2019 में राष्ट्र को समर्पित किए गए इस कॉम्प्लेक्स का उद्देश्य 'मेक इन इंडिया' और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को मजबूती देना है।

### भारत के कौन से घातक हथियार हो रहे हैं तैयार?

इस केंद्र में भारतीय सेना के लिए के9 वज्र-टी ऑटोमेटिक होवित्जर तोपों का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, बीएई सिस्टम्स के साथ साझेदारी में बीवीएस10 सिंधु ऑल-टेरेन बख्तरबंद वाहन और ऊंचाई वाले इलाकों में तैनाती के लिए स्वदेशी लाइट टैंक भी विकसित किए जा रहे हैं।

### निकाय चुनाव में जीत पर दी सभी को बधाई

मोदी ने कहा गुजरात निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के लिए सभी का अभिवादन। भाजपा की विजय की यात्रा चलती ही जा रही है। दुनिया के लोकतांत्रिक समाज में कम ही देखने को मिलता है कि किसी पार्टी को इतने समय तक जनता का समर्थन मिलता है। हमारी सरकार देश के विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए देश की जनता भाजपा को बार-बार वोट दे रही है। पिछले दिनों जब मैं 5 देशों की यात्रा पर था, वहां भी हर कोई बंगाल-बंगाल कर रहा था।

### फोर और सिक्स लाइन हाईवे का उद्घाटन

इनमें एनएच-56 के धामासिया से बिटाडा तक चार लेन निर्माण (पैकेज-4), नसरपोर से मलोथा तक चार लेन निर्माण (पैकेज-6), रिलायंस के पास छह लेन वाहन अंडरपास और एनएच-53 के सूरत-हजीरा सेक्शन पर कावास में वीयूपी -कम-फ्लाईओवर शामिल हैं। इसके साथ ही दमन से मोदी ने लक्षद्वीप के लिए 885 करोड़ रुपए की बंदरगाह और टूरिज्म परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।

## नीट केस में फंसी मनीषा बोलीं | कोर्ट 9 जून को सुनाएगा फैसला

# मैं बीमार हूं, जमानत दीजिए, कोर्ट ने कहा- जेल में सभी सुविधाएं मौजूद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में आरोपी मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित किया। 9 जून को कोर्ट मनीषा वाघमारे की जमानत पर फैसला सुनाएगा। मनीषा के वकील ने कहा कि वाघमारे 47 साल की महिला है जो वर्टिगो से जूझ रहीं हैं। सोमवार को भी जेल के हॉस्पिटल में भर्ती तक कराना पड़ा। मनीषा ने कहा कि मुझे जमानत दी जाए जब उसकी पूछताछ के लिए जहां भी जरूरत होगी वो जांच में शामिल होंगी। मनीषा की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि जेल में सभी चिकित्सा सुविधाएं मौजूद हैं और अगर जरूरत पड़ी तो अलग से एप्लीकेशन लगाएं। मनीषा ने कहा कि मेरे मेडिकल रिकॉर्ड को कोर्ट में रखा जाए कि कैसे मैं गंभीर शारीरिक बीमारियों से जूझ रहीं हूं। वहीं सीबीआई ने विरोध करते हुए कहा कि ये पेपर के कई सवाल बच्चों को पैसे के बदले लीक करती थी। हमारे पास बच्चों के बयान हैं।



### मेडिकल परेशानियों को जमानत से न जोड़ें

कोर्ट ने कहा कि मेडिकल सम्बंधित परेशानियों से जुड़ी बात है उसे जमानत से जोड़ कर न देखें। जेल प्रशासन के पास सारी मेडिकल सुविधाएं हैं और वो पूरा ख्याल रख सकते हैं। अगर कोई और जरूरत है तो अलग से एप्लिकेशन लगाएं।

### मनीषा सर्टिफाइड एजुकेशन काउंसलर : वकील

मनीषा वाघमारे के वकील ने कहा कि वो सर्टिफाइड एजुकेशन काउंसलर है। उसे काउंसलिंग की फीस आती रहती है। सीबीआई जिस एक एंट्री की बात कर रही वो मुझे करीब 3.50 लाख रुपए एक एन्सेस्ट्रल प्रॉपर्टी के गिफ्ट डीड से आए। उसके खाते में कुछ इंक्रीमिनेटिंग नहीं है, जिसके आधार पर जेल में रखा जाए। उसके घर में सीबीआई के लोगों ने दो बार सर्च किया लेकिन एक बार कोई कैश नहीं मिला।

### सीबीआई ने जताया अपना विरोध

सीबीआई ने मनीषा वाघमारे की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि ये अपने आप को सर्टिफाइड एजुकेटर बता रही हैं लेकिन वो एक ब्यूटी पार्लर भी चलाती हैं। मनीषा को केमेस्ट्री, बायोलॉजी और फिजिक्स के सवालों को दयिा गया जिसे उसने लोखंडे को दिए जो शुभम को मिले। इस पर कोर्ट ने कहा कि एक सीबीआई द्वारा लिए स्टूडेंट्स के बयान को विस्तार से देखेगी। आखिर क्या सीबीआई के पास ऐसे बयान हैं जो मनीषा के खिलाफ हैं।

### उपराज्यपाल सिन्हा ने किया खीर भवानी मंदिर में यात्री भवन का उद्घाटन

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गांदरबल के खीर भवानी मंदिर में यात्री भवन का उद्घाटन किया और कहा कि इससे देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों की मेजबानी करने की मंदिर की क्षमता में वृद्धि होगी। तुलमुल स्थित इस मंदिर की जम्मू कश्मीर में काफी मान्यता है। नई सुविधाओं को जनता को समर्पित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि नया यात्री भवन सुरक्षित, स्वच्छ और आरामदायक आवास सुविधाएं प्रदान करके तीर्थयात्रा के अनुभव में काफी सुधार करेगा। श्रीनगर से लगभग 25 किमी दूर स्थित इस मंदिर में वर्ष भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा महिला समेत तीन की हत्या

एजेंसी ▶▶ इंफाल



मणिपुर के कांगपोकपी जिले के एक गांव में सशस्त्र हमलावरों ने एक महिला सहित तीन लोग को मार गिराया। यह घटना शुक्रवार की सुबह की है। एक अधिकारी ने बताया कि जिले के सैतु-गाम्फाजोल उपमंडल के लोइबोल खुल्लेन गांव में तड़के करीब 4 बजे हुए हमले के दौरान आग लगने से कम से कम सात घर जलकर खाक हो गए। राज्य में कुकी जनजातियों की सर्वोच्च संस्था, कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) ने इस हमले की निंदा की है। इसके साथ ही दोषियों को पकड़ने के लिए जांच की मांग की है।

### तीन लोगों की हुई मौत

एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिद्वंद्वी गुटों के बीच कई मिनट तक चली गोलीबारी में तीनों की मौत हो गई, जिसके चलते ग्रामीण पास के वन क्षेत्रों में शरण लेने के लिए भाग गए। मृतकों की पहचान लेटखोंगम हाओकिप, टिनमेरी हाओकिप और जंगमिनलाल हाओकिप के रूप में हुई है।

# गरीबों को बंटने वाली सामग्री टीएमसी नेता के घर से बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल में कल शाम को सियासी विवाद खड़ा हो गया, जब तृणमूल कांग्रेस नेता और जामुरिया पंचायत समिति के लोक निर्माण विभागाध्यक्ष उदीप सिंह के कब्जे वाले ईसीएल क्वार्टर से बड़ी मात्रा में राहत सामग्री और राशन का सामान कथित तौर पर बरामद किया गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, विधानसभा चुनावों के बाद सरकार बदलने पर उदीप सिंह ने कथित तौर पर जामुरिया के परासिया इलाके में मौजूद दो क्वार्टर खाली कर दिए थे और अपने परिवार के साथ इलाका छोड़ दिया था। बीजेपी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि उनके कब्जे वाले क्वार्टरों में से एक में सरकारी राहत सामग्री का बड़ा स्टॉक रखा हुआ था।




### क्वार्टर खुलने पर क्या मिला?

केंद्रीय बलों और स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में बंद क्वार्टर को खोला गया तो अंदर से सैकड़ों कंबल, तिरपाल, कपड़े और राशन का सामान बरामद किया गया। इसमें गरीब और जरूरतमंद लोगों में बांटने के लिए चावल और गेहूं भी शामिल था। इस बरामदगी से स्थानीय निवासियों में नाराजगी फैल गई। कई लोगों ने मामले की गहन जांच और उदीप सिंह की गिरफ्तारी की मांग की। बताया जा रहा है कि पुलिस ने क्वार्टर से बरामद सामान को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



प्री मानसून की बारिश हो सकती है कभी भी अकेले धमतरी में छह लाख क्विंटल धान नहीं उठा

# सिर पर मानसून, अब चिंता 10 जिलों में खुले पड़े 400 करोड़ के धान की, उठाव कम, तनाव ज्यादा

## दुर्ग जिले के संग्रहण केंद्रों में 17 हजार मीट्रिक टन धान खुले में

**भिलाई।** दुर्ग जिले के संग्रहण केंद्रों में 17 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं हो पाया है। सेलूद, अरसनारा, कोड़िया और जेवरा सिरसा संग्रहण केंद्रों में ये धान रखे हुए हैं। मानसून आने को है और अब तक धान संग्रहण केंद्रों से धान का उठाव नहीं किया गया है। धान खरीदी के बाद फरवरी तक धान संग्रहण केंद्रों से धान का उठाव हो जाना चाहिए था लेकिन रफ्तार बेहद सुस्त है। विपणन संघ ▶▶| शेष पेज 7 पर

## धमतरी के संग्रहण केंद्रों में 6.20 लाख क्विंटल धान

प्री-मानसून गतिविधियां शुरू हो गई हैं। मौसम विभाग रोज आंधी-बारिश की संभावना जता रहा है। ऐसे में जिले के संग्रहण केन्द्रों का इस संवाददाता ने जायजा लिया जहां लाखों क्विंटल धान का संग्रहण है। ट्रकों से धान का उठाव जारी है। धान को सुरक्षित रखने के भी उपाय किए गए हैं। डीएमओ सुनील सिंह राजपूत ने बताया कि जिले में 4 धान संग्रहण केन्द्र हैं। जहां 6 लाख 20 हजार 127 क्विंटल धान शेष है। 15 लाख 66 हजार ▶▶| शेष पेज 7 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर, धमतरी, भिलाई, राजनांदगांव, जगदलपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में प्री मानसून की बारिश शुरू होने वाली है, लेकिन लाखों क्विंटल धान खुले में पड़ा है। अकेले धमतरी जिले में छह लाख क्विंटल से ज्यादा धान का उठाव नहीं हुआ है। बस्तर संभाग के सात जिले और दुर्ग – राजनांदगांव को शामिल करें तो 10 जिलों में करीब पौने चार सौ करोड़ रुपए का धान संग्रहण केंद्रों में रखा हुआ है। हालांकि संबंधित अधिकारियों का दावा है कि धान को ढंककर रखा गया है, ▶▶| शेष पेज 7 पर



## बस्तर में 42 हजार टन से ज्यादा धान

**जगदलपुर।** मानसून आने को है लेकिन धान संग्रहण केन्द्रों में अभी भी 42 हजार टन धान का उठाव नहीं होने से असुरक्षित पड़े हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान समाप्त हुए लगभग छह माह बीत चुके हैं, लेकिन धान का उठाव नहीं हुआ है। बस्तर संभाग में खरीदे गए धान का लगभग 79 प्रतिशत उठाव हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सातों जिलों में 15 लाख 18 हजार 521 टन की धान खरीदी गई, जिसमें से 13 लाख 32 हजार 325.26 टन धान का उठाव हुआ। यदि उठाव नहीं हुआ तो करोड़ों रुपए का धान खराब होने की आशंका है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक शासन ने धान खरीदी के बाद 31 मार्च ▶▶| शेष पेज 7 पर

## मार्च में ही उठ गया धान

**राजनांदगांव।** खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत राजनांदगांव जिले में करीबन 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। सवा लाख से अधिक किसानों से खरीदे गए इस धान का उठाव भी युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया था। जिसका असर रहा कि जिले में मार्च महीने के अंतिम सप्ताह तक शत-प्रतिशत धान का उठाव कर लिया गया था। उठाव के लिए जिले के ही 81 से अधिक राइस मिलर्स से अनुबंध किया गया था।

## खबर संक्षेप

### मोदी अच्छे मित्र, जल्द होगा व्यापार समझौता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके अच्छे मित्र हैं और उन्हें विश्वास है कि अमेरिका तथा भारत के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को 'ओवल ऑफिस' में पत्रकारों से कहा, 'हम समझौते तक पहुंच जाएंगे क्योंकि मैं प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) को बहुत पसंद करता हूं।

### बेंगलुरु-मुंबई इंडिगो विमान से पक्षी टकराया

**मुंबई।** बेंगलुरु से मुंबई जाने वाले इंडिगो के एक विमान को शुक्रवार को रनवे पर ले जाते समय उससे एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद पायलट को विमान वापस पार्किंग क्षेत्र में ले जाना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दोनों इंजनों के निरीक्षण सहित आवश्यक जांच के बाद, एयरबस ए321नियो विमान को सुरक्षित घोषित कर दिया गया और एक घंटे से अधिक देरी के बाद उसने उड़ान भरी। विमान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी है।

### 'भारत-चीन के नाजुक संबंधों में हस्तक्षेप नहीं'

**सेंट पीटर्सबर्ग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार



को कहा कि भारत और चीन के 'नाजुक' द्विपक्षीय संबंधों में रूस हस्तक्षेप नहीं करेगा। पुतिन ने साथ ही विश्वास जताया कि भारत और चीन काफी समय से लंबित अपने सीमा विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### टीएमसी पूर्व विधायक मोल्ला गिरफ्तार

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भांगर विस्फोट मामले के मुख्य संदिग्ध एवं तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एनआईए ने मोल्ला को 'फरार' घोषित किए जाने के कुछ घंटों बाद यह कार्रवाई की। दक्षिण 24 परगना जिले के दक्षिण बामुनिया गांव में 19 मार्च को हुए एक बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

### असम : 12 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**गुवाहटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को अपनी



कैबिनेट का विस्तार किया। इसमें 12 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। नई कैबिनेट में भाजपा विधायक अश्विनी राय सरकार, नीलिमा देवी और सुशांत बरगोहाई को शामिल किया गया है। वहीं, एजीपी के नेता केशव महंत को भी मंत्री बनाया गया है। बिस्वजीत दैमारी भी नई मंत्री परिषद में शामिल हुए हैं।

### बस्तर और सरगुजा में लागू है होम स्टे, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

# छत्तीसगढ़ में होम स्टे की राह आसान, अब नौ कमरे और 18 बिस्तर की होगी अनुमति

छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने के इरादे से लागू की गई होम स्टे नीति में अब महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के अनुसार अब एक होम स्टे इकाई में न्यूनतम एक कमरे से लेकर अधिकतम नौ कमरों और 18 बिस्तरों तक की अनुमति होगी। इससे संचालकों को अपनी क्षमता बढ़ाने और अधिक पर्यटकों को ठहराने का अवसर मिलेगा। पर्यटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से होम स्टे नीति 2025-30 में कई महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। संशोधनों के तहत होम स्टे संचालकों को राहत देते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। पुलिस प्राधिकरण से अनुमोदन की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है और निवेशकों के लिए सब्सिडी संबंधी प्रावधानों को भी अधिक आकर्षक बनाया गया है। सरकार का मानना है कि नए बदलावों से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थानीय लोगों की पर्यटन गतिविधियों में भागीदारी बढ़ेगी तथा राज्य में वैकल्पिक आवास सुविधाओं का विस्तार होगा। संशोधित नीति का सबसे महत्वपूर्ण प्रावधान पंजीकरण की वैधता से जुड़ा है। पहले होम स्टे का पंजीकरण तीन वर्ष के लिए मान्य होता था, लेकिन अब इसे आजीवन वैधता प्रदान की गई है। इससे संचालकों को बार-बार नवीनीकरण की प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ेगा और प्रशासनिक बोझ भी कम होगा।

### ऑनलाइन होगी पूरी प्रक्रिया

राज्य सरकार ने पंजीकरण और प्रोत्साहन संबंधी आवेदनों की प्रक्रिया को भी डिजिटल बनाया है। अब होम स्टे संचालक छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अधिकृत पोर्टल, वेबसाइट अथवा मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे दूरस्थ क्षेत्रों के संचालकों को भी सुविधा मिलने की उम्मीद है।



### छत्तीसगढ़ में होम स्टे योजना कहां-कहां लागू है

बस्तर संभाग- जगदलपुर और आसपास के दूरदराज के क्षेत्रों में पर्यटकों को स्थानीय आदिवासी संस्कृति, कला और ग्रामीण जीवनशैली का अनुभव कराने के लिए यह योजना लागू है। सरगुजा संभाग- अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध इस क्षेत्र में होमस्टे को बढ़ावा दिया जा रहा है। जशपुरः जशपुर जिले में पर्यटन को विकसित करने के लिए 'होमस्टेज ऑफ इंडिया' के सहयोग से विशेष समझौते किए गए हैं, जिसके तहत ग्राम केरे को आदर्श होमस्टे ग्राम बनाया गया है। मैनपाट- 'मिनी तिब्बत' के रूप में मशहूर मैनपाट में स्थानीय निवासियों को होमस्टे के लिए घर बनाने व कमरों के निर्माण हेतु राज्य सरकार द्वारा अनुदान व वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

### अब पुलिस अनुमोदन की जरूरत नहीं

संशोधित नीति के तहत होम स्टे संचालकों को अब पुलिस प्राधिकरण से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे पंजीकरण प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा और नए उद्यमियों के लिए व्यवसाय शुरू करना आसान हो सकेगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि यह बदलाव लंबे समय से लंबित मांगों में शामिल था।

### निवेशकों को मिलेगी सब्सिडी की सुविधा

सरकार ने नीति में संशोधन करते हुए पात्र होम स्टे इकाइयों को पूंजी निवेश सब्सिडी अथवा ब्याज सब्सिडी में से किसी एक का लाभ लेने का विकल्प दिया है। इससे विशेष रूप से छोटे और मध्यम निवेशकों को वित्तीय सहायता मिल सकेगी तथा नए होम स्टे स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### नीट : मुख्य सचिव ने कलेक्टर को दिए दिशा-निर्देश, कई स्तर पर पहरा

# पहली बार छग में एयरफोर्स प्लेन से आएंगे प्रश्नपत्र 19 शहरों में 127 केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

देशभर में दोबारा आयोजित होने जा रहे मेडिकल एंट्रेस टेस्ट अर्थात नीट के लिए छग में भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। पहली बार छत्तीसगढ़ में एयरफोर्स के विमान से प्रश्नपत्र आएंगे। इसके लिए मुख्य सचिव ने सभी जिलों के कलेक्टर को दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों को परीक्षा के दौरान केन्द्र सरकार एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी दिशा- निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने कहा है। कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को परीक्षा के पहले ही परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने और परीक्षा के लिए की गई तमाम तैयारियों के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### स्वास्थ्य टीम करेगी बच्चों की काउंसिलिंग

जिला शिक्षा अधिकारी सहितमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की संयुक्त टीम बच्चों की काउंसलिंग करेगी ताकि उन्हें किसी भी तरह परीक्षा से घबराहट ना हो। परीक्षा के एक दिन पहले 20 जून को परीक्षा संचालन के लिए तमाम व्यवस्थाओं के लिए माकड्रिल एक्सरसाइज की जाएगी। माकड्रिल की तैयारी भी पहले से की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कहा गया है। परीक्षा के प्रश्न-पत्र एवं ओएमआर शीट एयर फोर्स के माध्यम से मूव होंगे। इन्हें सुरक्षा के साथ रखने कलेक्टर, एसपी को पहले से ही पर्याप्त तैयारी करने कहा गया है। प्रत्येक जिले में नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने एवं परीक्षा दिवस पर सक्रिय रखने कहा गया है, जिससे परीक्षा संचालन का प्रभावी निगरानी की जा सकें।

### छत्तीसगढ़ के 19 शहरों में आयोजन

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये बैठक में शामिल हुए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में नीट पुनः परीक्षा 2026 के लिए 19 शहरों में होगी। परीक्षा के लिए 127 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। सभी जिला प्रशासन के अधिकारियों से परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तैयारियां करने एवं सहयोग और समन्वय करने का अनुरोध एनटीए ने किया है।

# चुनौतियों, अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का कमाल, 7.7% जीडीपी ग्रोथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनियाभर में जारी आर्थिक अनिश्चितताओं और तमाम वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। वित्त वर्ष 2025-26 (एफवाय26) में भारत की आर्थिक विकास दर (जीडीपी ग्रोथ) के जो आंकड़े सामने आए हैं, उन्होंने बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स और बाजारों के अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पूरे फाइनेंशियल ईयर में देश की रियल जीडीपी ग्रोथ 7.7 फीसदी दर्ज की गई है। जनवरी से मार्च तिमाही के भारत की जीडीपी ग्रोथ का डाटा जारी हो चुका है।

**सरकार ने जारी किए जीडीपी के आंकड़े, अनुमान से आए बेहतर**

### आरबीआई ने रेपो दर को रखा बरकरार, घर खरीदने वालों को राहत

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। घर खरीदने वालों, होम लोन लेने वालों और प्रॉपर्टी इन्वेस्टर्स के लिए यह फैसला राहत भरा है। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई के रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त में बदलाव की संभावना नहीं है। इसका मतलब यह हुआ कि फिलहाल होम लोन की ईएमआई कम नहीं होगी। लेकिन ब्याज दर बढ़ने की वजह से ईएमआई बढ़ने का भी कोई खतरा नहीं है। इससे लोग अपने वित्तीय फैसले ज्यादा आसानी से प्लान कर सकेंगे।

### बैंक डूबा... तो अब पांच लाख नहीं, मिलेंगे 7.50 लाख रुपए

केंद्र सरकार बैंकिंग सिस्टम में आम जनता का भरोसा मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार बैंक डिपॉजिट पर मिलने वाली इंश्योरेंस लिमिट को 5 लाख से बढ़ाकर 7.5 लाख करने पर विचार कर रही है। हाल के दिनों में पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) और यस बैंक जैसे बड़े बैंकिंग संकटों ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी थी। हाल ही में आरबीआई द्वारा सर्वोदय को-ऑपरेटिव बैंक और कार्वार अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के लाइसेंस रद्द किए जाने के बाद खाताधारकों के मन में अपने पैसे की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे थे।



### 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ

**सीएमसाय ने राजीव स्मृति वन में लगाया बरगद का पौधा**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित राजीव स्मृति वन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान 2026-27 का शुभारंभ किया। उन्होंने कृष्ण वट (बरगद) का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप ने भी बेल का पौधा लगाकर अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक प्रेरक पहल है।

### कलेक्टर कार्यालय में किया गया संलग्न

# विधायक संग विवाद में हटाए गए तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

सीतापुर विधायक एवं राजापुर के नायब तहसीलदार के बीच चल रहे विवाद के थमते



ही कलेक्टर ने आदेश जारी कर नायब तहसीलदार को स्थानांतरित कर दिया है। कलेक्टर ने राजापुर नायब तहसीलदार तुषार मानिक को 3 जून को आदेश जारी कर कलेक्टर कार्यालय में संलग्न किया है। विवाद में नायब ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ठप हो गए थे कामकाज

कनिष्ठ सेवा के अधिकारियों सहित राजस्व पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों के 1 जून से 3 जून तक हड़ताल पर रहने के कारण राजस्व कार्यालयों के कामकाज पूरी तरह से ठप हो गए थे। विधायक के दो समर्थकों द्वारा समर्पण करने के बाद हड़ताल का समापन किया गया।

### अमरनाथ यात्रा के लिए लॉन्च किया गया 'पहचान ऐप'

# क्यूआर कोड से होगी अब श्रद्धालुओं की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा 2026 के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए अनंतनाग पुलिस ने 'पहचान ऐप' लॉन्च किया है। यह एक क्यूआर आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसे यात्रा मार्ग और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर काम करने वाले सेवा प्रदाताओं के पंजीकरण और सत्यापन के लिए विकसित किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह ऐप मौके पर ही सेवा प्रदाताओं की पहचान और सत्यापन की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके जरिए यह आसानी से पता लगाया जा सकेगा कि कोई व्यक्ति अधिकृत और सत्यापित सेवा प्रदाता है या नहीं. इससे यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## सुरक्षा के मद्देनजर अनंतनाग पुलिस की बड़ी पहल

### सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगा सहारा

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, पहचान ऐप के जरिए सभी अधिकृत सेवा प्रदाताओं का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे यात्रा मार्ग पर काम करने वाले व्यक्तियों की पूरी जानकारी प्रशासन के पास उपलब्ध रहेगी और जरूरत पड़ने पर तत्काल सत्यापन किया जा सकेगा। यह प्रणाली यात्रा के दौरान पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का भी काम करेगी। सेवा प्रदाताओं की पहचान स्पष्ट होने से यात्रियों को भरोसेमंद सेवाएं मिल सकेंगी और अनधिकृत गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा।



### पहल का मुख्य उद्देश्य

पुलिस का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यात्रा अवधि के दौरान सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना है। खासतौर पर ऐसे लोगों की पहचान और रोकथाम करना, जो सेवा प्रदाता के रूप में खुद को प्रस्तुत कर यात्रियों या प्रशासन को गुमराह करने की कोशिश कर सकते हैं।

### भीड़ प्रबंधन को भी मिलेगी मजबूती

डिजिटल सत्यापन व्यवस्था से यात्रा मार्ग पर भीड़ प्रबंधन को भी मजबूती मिलेगी। व्यवस्थित और नियंत्रित सेवा वितरण से विवाद, अव्यवस्था, अधिक शुल्क वसूली और भीड़भाड़ जैसी समस्याओं को कम करने में सहायता मिलेगी। अनंतनाग पुलिस का कहना है कि इस पहल का सकारात्मक प्रभाव आम जनता पर भी पड़ेगा। यात्रा पर आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और स्थानीय नागरिक अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे क्योंकि उन्हें केवल सत्यापित और पंजीकृत सेवा प्रदाताओं से ही संपर्क करना होगा।

# एफ आई आर



फिल्मी सीन जैसी तस्करी

ओडिशा से लगती सीमांत बस्तियों से आए तस्कर अब जंगल काटने में पुराने तरीकों को छोड़ चुके हैं पगडंडी छोड़ो, नदी पकड़ो। यही था उनका नया फॉर्मूला, वे चार-चार सागौन के लट्ठों को रस्सियों से जोड़ते, फिर उन्हें उदंती नदी की धारा में छोड़ देते। पानी का तेज बहाव उन्हें ले जाता सीधा ओडिशा के सिंदूर शील घाट तक, जहां तस्कर पहले से कमांडो स्टाइल में घात लगाए रहते यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि असली जंगल की असली साजिश थी।

## पुष्पा स्टाइल में सागौन तस्करी

### वन विभाग ने अपराधियों के मनसूबे पर पानी फेरा

● मैनपुर से हसन खान

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उदंती अभ्यारण में लकड़ी तस्करी का एक नया और चौंकाने वाला तरीका सामने आया है। तस्कर अब 'पुष्पा'मूवी स्टाइल में कीमती सागौन की लकड़ी को उदंती नदी के बहाव के सहारे ओडिशा तक पहुंचा जा रहा था। बताया जा रहा है कि तस्कर नदी किनारे मौजूद उत्तर और दक्षिण उदंती के जंगल से काटे गए लट्ठों को बांधकर उनके ऊपर खड़े होकर बहते पानी से सीमा पार कर जाते हैं। यह नजारा किसी फिल्मी सीन से कम नहीं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तस्कर लगातार नए तरीके अपनाकर वन विभाग को चकमा देने लगे हैं। उदंती सीतानदी के जंगल घना है और यहां कीमती लकड़ियों की भरमार है। ठंड और बारिश के दिनों में सुबह-सुबह घाटियों में धुंध ऐसे उतरती है, जैसे कोई सफेद चादर फैला दी गई हो। दूर कहीं से कभी-कभी हल्की सी आरी चलने की आवाज आती है, जो धीरे-धीरे जंगल की सांस में गुम हो जाती है, लेकिन इस बार यहां सिर्फ पेड़ों की सरसराहट नहीं थी, यहां था 'पुष्पा'जैसी हिम्मत, चालाकी और बहादुरी की असली कहानी- उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल के भीतर एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय था, जो सागौन तस्करी को नए ढंग से अंजाम दे रहा था। नदी के तेज बहाव में लकड़ी बहाकर और उनके लिए हर लठ्ठा करोड़ों का सपना था, लेकिन वन विभाग की टीम ने शातिर तस्करों के मनसूबों पर पानी फेर दिया।



#### तीन अरोपी फिर दबोचे गए

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल से कीमती लकड़ी सागौन की तस्करी लंबे समय से पुष्पा स्टाइल से करने वाले तीन आरोपी जो फरार थे। उसे गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है और 03 आरोपियों को ओडिशा राज्य से पकड़कर लाया गया। तीनों आरोपियों को टीम के द्वारा 07 अक्टूबर 2025 को घटना स्थल कक्ष क्रमांक 29 ले जाकर शिनाख्त कराया। इसके बाद आरोपियों का कथन दर्ज किया गया। सभी अपने बयान में उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के जंगल से सागौन वृक्षों की अवैध कटाई कर लठ्ठा बनाकर नदी के पानी के माध्यम से और मोटर साइकिल से तस्करी करने का वन अपराध कबूल किए हैं। इस प्रकरण के अलावा पूर्व में भी दक्षिण उदंती एवं उत्तर उदंती परिक्षेत्र के जंगलों से सागौन वृक्षो की अवैध कटाई करना तस्करी करना भी स्वीकार किए हैं। विवेचना अधिकारी मनोज कुमार ध्रुव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कोयबा के द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 27,29,31,50,51.52 एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) क.ज.च के तहत आरोपी तोसूधर हंस पिता सेबा हंस (45), संतोष हंस पिता ईश्वर हंस (31), ओमकार हंस पिता बिनोद हंस (28), ग्राम सेन्दुरसील, पोस्ट नागलबोड़, थाना तहसील सीनापाली, जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) को गिरफ्तार कर न्यायालय देवभोग के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुष्पा गैंग के तीन आरोपी विधा, लक्ष्मी, शोभा, ग्राम घुचागुड़ा थाना सीनापाली (ओडिशा) फरार हैं। जिसकी पतासाजी की जा रही है।



उदंती नदी में लकड़ी के लट्ठों पर खड़े होकर सीमा पार कर रहे तस्कर



#### 20 से ज्यादा चले ऑपरेशन

ओडिशा के सागौन तस्करों के खिलाफ 2 साल में 20 से ज्यादा ऑपरेशन चलाए गए, 80 धरे गए। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व जंगल क्षेत्र से पुष्पा स्टाइल में हो रहे सागौन लकड़ी की तस्करी के मामले को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की टीम ने दबिश देकर ध्वस्त किया और तस्करों के मंसुबों पर पानी फेरा। साथ ही ओडिशा के तीन तस्करों की गिरफ्तारी भी हुई। पुष्पा स्टाइल में बारिश प्रारंभ होते ही कीमती वृक्षों को काटकर नदी में बहाकर ओडिशा तक पहुंचाने का खेल वर्षों से चल रहा था। गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के मुख्य उदंती नदी के तेज बहाव में ले जा रहे सागौन लठ्ठा को वन विभाग के जांबाज कर्मचारियों ने जान जोखिम डाल कर पकड़ा, उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में मौजूद कीमती सागौन पेड़ की जमकर तस्करी हो रही थी। उदंती सीतानदी अभ्यारण के अफसर के लगातार दबाव के चलते तस्करी में लगाम लगाया, तो ओडिशा के तस्करों ने नया तरीका खोज निकाला। नवरंगपुर जिले से निकली उदंती नदी अभ्यारण्य के दक्षिण इलाके से होते ओडिशा के नुआपड़ा जिले में सिंदूर सील और सुनाबेड़ा इलाके की ओर निकलती है। इसी बहाव का फायदा ओडिशा के तस्कर उठा रहे थे। अभयारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन को सूचना मिली थी कि दक्षिण उदंती में तस्कर सक्रिय है और नदी के बहाव से तस्करी कर रहे। इसके लिए अफसरों ने घेरा बंदी शुरू कर दी, वन विभाग टीम पर तस्करों की नजर पड़ी तो भाग खड़े हुए, लेकिन विभाग के कर्मियों ने नदी में छलांग लगाकर लट्ठे को जब्त कर लिया। तस्कर 4-4 लट्ठे को जोड़ नदी में डाल कर बहा रहे थे, जिसे सिंदूर शील घाट पर खींच लेते थे। इस आइडिया को वे अचूक मान रहे थे, लेकिन वन विभाग के अफसरों की ने तस्करों की योजना फेल कर दी।

जन्माष्टमी उत्सव से लौटने के बाद दामाद और सास के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गया। मामला बढ़ा और दामाद ने अपनी सास को थप्पड़ जड़ दिया था। अपमान के इस वाकिये ने सास को आक्रोशित कर दिया। रात में जब सभी लोग सो गए, तब सास ने दामाद के सिर पर टंगिया से तब तक वार किया, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।



● पाटन से भूषण देशलहरे

दरबार मोखली कांड



#### पारिवारिक झगड़े का खूनी अंजाम

## गहरी नींद में सोए दामाद को टंगिया से काट डाला

2 साल पहले रानीतराई थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना सामने आई थी। इस मामले में पारिवारिक झगड़े के चलते एक सास ने अपने ही दामाद को मौत के घाट उतार दिया था। आरोपी सास ने दामाद में टंगिया से ताबड़तोड़ वार किया। हत्या करने के बाद अपनी बेटी के साथ मिलकर शव को एक सूने मकान में छिपा दिया। शव से उठती दुर्गंध के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। पूछताछ के बाद आरोपी मां-बेटी ने अपना गुनाह कबूल लिया। इस चर्चित मामले में आरोपी सास भारती वर्मा को न्यायालय से आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है। वहीं मृतक टिकेश्वर देशमुख की पत्नी अनिता देशमुख को हत्या में सहयोगी मानते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई गई है। कोर्ट से सजा के बाद दोनों ही केंद्रीय जेल दुर्ग में अपने गुनाहों की सजा काट रहे हैं, लेकिन आज भी यह मामला गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। यह मामला पाटन के व्यवहार न्यायालय में पेश किया गया था, जहां दो महीने पहले ही अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने दोनों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी लिखा कि अभियोजन ने सभी सबूतों और गवाहों के आधार पर अपराध संदेह से परे सिद्ध किया है। कोर्ट ने माना कि पत्नी अनिता देशमुख ने न केवल अपराध छिपाने में सहयोग किया, बल्कि घटना के बाद सबूत मिटाने का प्रयास भी किया, जो कानून की नजर में गंभीर अपराध है।



#### हत्या के समय मृतक की पत्नी भी थी मौजूद

पुलिस की जांच में यह पता चला कि भारती ने जब टिकेश्वर की हत्या की, उस समय उसकी बेटी और मृतक की पत्नी अनिता मौके पर मौजूद थी। उसने पति को बचाने के बजाय अपनी मां का साथ दिया। हत्या के बाद दोनों ने मिलकर शव को घर के पास एक खंडहरनुमा कमरे में छिपा दिया। अगले दिन दोनों ने घर में ताला लगाया और इलाज का बहाना बनाकर दुर्ग चले गए, जिससे किसी को शक न हो। भारती वर्मा ने अपने भाई को फोन कर बताया कि विवाद में वह घायल हो गई है और इलाज के लिए जा रही है। साथ ही उसने दामाद के घायल होने की भी बात कही और उसे देखने के लिए भेजा, जब वह गांव पहुंचा तो घर बंद मिला। कोटवार के साथ अंदर जाकर देखा तो शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हत्या और सबूत मिटाने के आरोप में बीएनएस की धारा 103 और 238/3(5) के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मामले में भारती वर्मा (सास) को धारा 103 के तहत आजीवन कारावास और 1,000 रुपए का अर्थदंड और धारा 238(3)(5) के तहत 7 साल का सश्रम कारावास और 1,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं अनिता को धारा 238(3)(5) के तहत 7 साल का सश्रम कारावास और 1,000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

#### 2024 में गांव के एक सूने मकान में मिली थी लाश

मामला 2024 का है, 29 अगस्त की सुबह खबर मिली कि ग्राम दरबार मोखली में एक बंद घर से तेज दुर्गंध आ रही है। तत्कालीन सरपंच ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंचे कोटवार और ग्रामीणों ने ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा, जहां एक सड़ी-गली लाश मिली। शव की पहचान 30 वर्षीय टिकेश्वर देशमुख के रूप में हुई, जो उसी घर में अपनी पत्नी अनिता और सास भारती वर्मा के साथ रहता था। सूचना मिलते ही रानीतराई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पहले तो पत्नी और सास ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, इसके बाद दोनों टूट गए। उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को जन्माष्टमी उत्सव से लौटने के बाद टिकेश्वर और उसकी सास भारती के बीच विवाद हुआ था। विवाद के दौरान टिकेश्वर ने अपनी सास को थप्पड़ जड़ दिया था, जिससे वह आक्रोशित थी। रात में जब सभी लोग सो गए, तब भारती वर्मा ने टंगिया से दामाद टिकेश्वर के सिर पर कई वार किए और टिकेश्वर को मौत के घाट उतार दिया।

जिस कार चालक पर कारोबारी भरोसा करता था, उसी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की पूरी साजिश रची। मकसद था, सराफा दुकान की चाबी हासिल कर करोड़ों के जेवर पर हाथ साफ करना और भारी कर्ज से छुटकारा पाना।



● कोरबा से नागेंद्र श्रीवास

## कर्ज में डूबे चालक ने रची 'सेठ' की मौत की साजिश

### सराफा कारोबारी हत्याकांड: दो सगे भाई समेत तीन गिरफ्तार

करीब छह दिन तक चली ताबड़तोड़ जांच, 370 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल और 12 पुलिस टीमों की लगातार मेहनत के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। मामले में दो सगे



भाइयों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 5 जनवरी 2025 को सीएसईबी चौकी क्षेत्र के लालूराम कॉलोनी स्थित घर में सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूरे शहर में सनसनी फैल गई थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने स्वयं जांच की कमान संभाली और अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले। इसके आधार पर मानिकपुर चौकी क्षेत्र के कुआंभट्ठा निवासी मोहन मिंज को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में मिले इनपुट के बाद आकाश गिरी गोस्वामी को पकड़ा गया। दोनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि इस पूरी साजिश का मास्टरमाइंड आकाश का बड़ा भाई सूरज गिरी गोस्वामी था, जो पहले कारोबारी के यहां कार चालक रह चुका था।

#### पहले चोरी की योजना, फिर बन गया मर्डर प्लान

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने 25 दिसंबर 2024 को ही योजना बना ली थी। उनका मकसद पहले घर से अटैची और दुकान की चाबी चोरी करना था, ताकि बाद में एसएस प्लाजा स्थित अमृता ज्वेलर्स में बड़ी चोरी की जा सके। एक बार आरोपी घर तक पहुंचे भी थे, लेकिन भीड़भाड़ के कारण सफल नहीं हो पाए। इसके बाद दोबारा योजना बनाई गई। घटना वाले दिन आकाश गोस्वामी ने अपने भाई सूरज को सूचना दी कि कारोबारी घर में अकेले हैं। इसके बाद सूरज और मोहन घर के अंदर घुस गए।

#### पहचान खुलने का डर बना हत्या की वजह

बताया गया कि गोपाल राय सोनी ने जैसे ही सूरज गोस्वामी को पहचान लिया, आरोपियों को लगा कि अब उनका राज खुल जाएगा। इसके बाद दोनों ने कारोबारी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हत्या के बाद आरोपी अटैची और घर का डीवीआर लेकर भाग निकले। हालांकि बाद में अटैची में दुकान की चाबी नहीं मिलने पर उनके होश उड़ गए। पुलिस से बचने के लिए आरोपियों ने अटैची को दर्री बैराज में फेंक दिया।

#### 12 टीमों ने सुलझाई गुत्थी

अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने के लिए जिला पुलिस ने पूरी ताकत लगा दी थी। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में 70 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की 12 टीमें बनाई गई थीं। अलग-अलग टीमों ने शहर और आउटर इलाके के 370 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के एनालिसिस और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस संदिग्धों तक पहुंच सकी।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाजः डेनिस लेरी), सिड (आवाजः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाजः साइमन पेग) और एली (आवाजः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज
## दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और



वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का

**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले



शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर संकट नहीं, चुनौतियां बरकरार

भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक बार फिर अपनी मजबूती और लचीलापन साबित किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जिसके परिणामस्वरूप पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 7.7 प्रतिशत तक पहुंच गई। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं, भू-राजनीतिक तनावों, खाड़ी संकट और व्यापारिक चुनौतियों के बीच यह प्रदर्शन न केवल उत्साहवर्धक है, बल्कि भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भी बनाए रखता है। भारत का घरेलू उपभोग मजबूत हुआ है। बता दें कि 2025-26 वह साल रहा है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। 50 फीसदी टैरिफ तक ट्रंप ने भारत पर लगाया, लेकिन तमाम बाधाओं को पार करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इन आंकड़ों से संतोष का भाव अवश्य पैदा होता है, लेकिन इसके साथ कुछ महत्वपूर्ण संकेतों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। चौथी तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की वृद्धि दर का 12.8 प्रतिशत से घटकर 7.3 प्रतिशत पर आना बताता है कि उत्पादन गतिविधियों में अपेक्षित गति नहीं बनी हुई है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रोजगार सृजन, निर्यात वृद्धि और औद्योगिक विस्तार का आधार यही क्षेत्र माना जाता है। यदि विनिर्माण क्षेत्र की रफ्तार कमजोर पड़ती है तो दीर्घकाल में इसका असर रोजगार और आय वृद्धि पर भी दिखाई दे सकता है। वर्ष 2026 की चुनौतियां और बड़ी हैं। तेल की बढ़ती कीमतें और इस बार कमजोर मानसून किसानों और लोगों की जेब पर असर डाल रहा है। इससे जहां उत्पादन प्रभावित हो सकता है, वहीं सरकारी खजाने पर भी दबाव बढ़ सकता है। ऐसे में सरकार के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस वित्त वर्ष में जीडीपी पूर्वानुमान में 30 बीपीएस की कटौती कर 6.9% से घटाकर 6.6% तक कर दिया है। यदि खाड़ी संकट जल्द हल नहीं हुआ तो आने वाले समय में यह अनुमान और भी कम हो सकता है। इससे सरकार के सामने रोजगार सृजन, निवेश और विनिर्माण क्षेत्र में संकट पैदा हो सकता है। हालांकि आरबीआई ने अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखकर संकेत दिया है कि सरकार पैनिक नहीं है और अर्थव्यवस्था दबाव में नहीं है, लेकिन कमजोर मानसून और अर्थव्यवस्था के लिए कई चुनौतियां बरकरार हैं। दूसरी ओर, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अगले वित्त वर्ष में विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान यह संकेत देता है कि आगे का रास्ता पूरी तरह आसान नहीं है। वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता, मांग में उतार-चढ़ाव और निवेश संबंधी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार और उद्योग जगत दोनों को विकास की गति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कुल मिलाकर मौजूदा आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था किसी संकट में नहीं है और उसकी बुनियाद मजबूत बनी हुई है, लेकिन केवल ऊंची विकास दर ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी, जब आर्थिक वृद्धि के साथ रोजगार, आय, निवेश और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार दिखाई दे। इसलिए उपलब्धियों का स्वागत करते हुए चुनौतियों के प्रति सजग रहना ही समय की मांग है।



आर्थिकी
सतीश सिंह

# मुश्किलों के बीच सुधार के भी संकेत

सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है। घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58 .8 से बढ़कर मई में 59 .8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है।

वैश्विक अनिश्चितताओं, महंगाई के दबाव, आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था से कुछ उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग में वृद्धि, जीएसटी संग्रह में स्थिरता और कंपनियों के बेहतर मुनाफे इस बात की ओर संकेत करते हैं कि अर्थव्यवस्था में मांग और उत्पादन दोनों स्तरों पर गति बनी हुई है। फिर भी यह सुधार पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं है।

घरेलू और बाहरी दोनों मोर्चों पर मौजूद चुनौतियां ताकीद करती हैं कि विकास की मौजूदा रफ्तार को स्थायी बनाने के लिए सतर्क नीति, संतुलित खर्च और लागत नियंत्रण जरूरी है। मई में भारत के सेवा क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स अप्रैल के 58.8 से बढ़कर मई में 59.8 पर पहुंच गया, जो पिछले 6 महीनों का उच्चतम स्तर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का स्तर विस्तार का संकेत है। यह आंकड़ा बताता है कि सेवा क्षेत्र में कारोबार, मांग और उत्पादन की गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। यह वृद्धि केवल घरेलू मांग तक सीमित नहीं रही, बल्कि भारत से उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं की विदेशी मांग में भी सुधार दिखा। अप्रैल में आई गिरावट के बाद अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में फिर से बढ़ोतरी दर्ज होना सकारात्मक संकेत है। सेवा क्षेत्र की मजबूती कई कारणों से महत्वपूर्ण है। भारत की अर्थव्यवस्था में सेवा क्षेत्र का बड़ा योगदान है और रोजगार सृजन से लेकर निर्यात आय तक इसके असर व्यापक हैं। मई में माल ढुलाई, डिजिटल समाधान, ई-कॉमर्स, मनोरंजन और सूचना प्रौद्योगिकी जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। इसका सीधा असर कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों पर पड़ा और कई कंपनियों ने कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी की। रोजगार के मोर्चे पर यह संकेत आश्वस्त करने वाला है, क्योंकि विकास तभी व्यापक माना जाता है जब उसका लाभ रोज़गार और आय वृद्धि के रूप में आम लोगों तक पहुंचे। हालांकि, रोजगार वृद्धि में मामूली वृद्धि देखी गई है, क्योंकि 7 प्रतिशत से कम कंपनियों ने नई भर्ती की सूचना दी, जबकि अधिकांश कंपनियों ने अपने कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं किया। इसका अर्थ यह है कि रोजगार सृजन का रुझान सकारात्मक जरूर है, पर उसे संतोषजनक नहीं माना सकता। भारत जैसे बड़े श्रम-प्रधान देश में केवल सेवा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की भर्ती पर्याप्त नहीं है। रोजगार वृद्धि को टिकाऊ बनाने के लिए विनिर्माण, निर्माण, कृषि-आधारित उद्योगों और छोटे उद्यमों में भी मांग और निवेश का विस्तार जरूरी है। औद्योगिक मोर्चे पर भी कुछ बेहतर संकेत दिखाई दे रहे हैं। अप्रैल में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक यानी आईआईपी की वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.2 प्रतिशत थी। इस सुधार में सबसे बड़ा योगदान विनिर्माण क्षेत्र का रहा, जिसकी वृद्धि दर अप्रैल में 6.2 प्रतिशत तक पहुंच गई। बिजली और गैस क्षेत्र में भी वृद्धि दर्ज की गई। यह संकेत देता है कि उत्पादन गतिविधियां धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही हैं। उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में सुधार और पूंजीगत वस्तुओं की वृद्धि दर का 16 प्रतिशत तक पहुंचना खास तौर पर महत्वपूर्ण है। पूंजीगत वस्तुओं की



मांग बढ़ना इस बात का संकेत है कि कंपनियां भविष्य की मांग को लेकर कुछ हद तक आश्वस्त हैं और वे विस्तार की तैयारी कर रही हैं। फिर भी, मौजूदा सकारात्मक संकेत को स्थायी नहीं माना जा सकता है। एक-दो महीनों के बेहतर आंकड़े से किसी बड़े निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। राजकोषीय मोर्चे पर भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। वित्त वर्ष 2026 में कई मंत्रालयों और विभागों का खर्च संशोधित अनुमान से कम रहा, जिससे कुल व्यय में कमी आई और राजकोषीय घाटा संशोधित अनुमान से घट गया। वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से यह अच्छा संकेत है, क्योंकि नियंत्रित घाटा सरकार को भविष्य में विकासोन्मुख खर्च के लिए अधिक गुंजाइश दे सकता है। जीएसटी संग्रह में वृद्धि भी मांग और आर्थिक गतिविधियों की स्थिरता का संकेत देती है। जीएसटी संग्रह का बढ़ना यह बताता है कि खपत और लेन-देन का दायरा बना हुआ है। लेकिन जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर को भी महंगाई और अनुपालन सुधार के संदर्भ में देखना चाहिए। अगर संग्रह में वृद्धि वास्तविक खपत और उत्पादन वृद्धि से आ रही है, तो यह अर्थव्यवस्था के लिए स्वस्थ संकेत है; पर यदि इसका बड़ा हिस्सा कीमतों की वृद्धि से जुड़ा है, तो आम उपभोक्ता पर दबाव भी बढ़ सकता है। कॉर्पोरेट जगत के नतीजे भी अर्थव्यवस्था की मिश्रित लेकिन आशावादी तस्वीर पेश करते हैं। बैंकों ने मजबूत ऋण वृद्धि और बेहतर मार्जिन के सहारे अच्छे परिणाम दिए। ऑटोमोबाइल कंपनियों को मांग और वॉल्यूम का लाभ मिला। वहीं तेल, धातु और कुछ सरकारी कंपनियों का प्रदर्शन मिश्रित रहा। इससे स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था में सुधार का स्वरूप समान नहीं है। कुछ क्षेत्र तेज बढ़ रहे हैं, जबकि कुछ क्षेत्र लागत, कीमत और वैश्विक परिस्थितियों से प्रभावित हैं। सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और लागत दबाव की है। सेवा क्षेत्र की कंपनियों ने खाद्य पदार्थों, ईंधन, गैस, मजदूरी और कच्चे माल पर अधिक खर्च की बात कही है। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों की अनिश्चितता, वैश्विक व्यापार नीतियों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी जोखिम से महंगाई में और भी इजाफ़ा हो सकता है। खाद्य महंगाई का सीधा असर आम परिवारों की रसोई और उपभोग क्षमता पर पड़ता है। यदि मानसून कमजोर रहता है या अल नीनो जैसी जलवायु परिस्थितियां कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं, तो खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। निर्यात क्षेत्र भी चिंता का विषय है। रुपये में कमजोरी के बावजूद भारत का माल निर्यात अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रहा। सामान्यतः कमजोर रुपया निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाता है, लेकिन जब वैश्विक मांग ही कमजोर हो तो इसका लाभ सीमित रह जाता है।

विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती, व्यापारिक संरक्षणवाद और भू-राजनीतिक तनाव भारतीय निर्यातकों के लिए बाधा बन सकते हैं। ऐसे में केवल मुद्रा विनिमय दर पर निर्भर रहने के बजाय उत्पादकता, गुणवत्ता, लॉजिस्टिक्स और बाजार विविधीकरण पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। निष्कर्षतः भारतीय अर्थव्यवस्था फिलहाल कठिनाइयों के बीच सुधार के संकेत दे रही है। सेवा क्षेत्र की मजबूती, औद्योगिक उत्पादन में सुधार, पूंजीगत वस्तुओं की मांग, बेहतर कॉर्पोरेट नतीजे और राजकोषीय घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन इन संकेतों को आत्मसंतोष का आधार नहीं बनाया जा सकता। महंगाई, कमजोर वैश्विक मांग, निर्यात की सुस्ती, मौसम संबंधी जोखिम और लागत दबाव अभी भी गंभीर चुनौतियां हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विकास की गति को बनाए रखते हुए महंगाई पर नियंत्रण रखे, निवेश को प्रोत्साहित करे, रोजगार को व्यापक बनाए और बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने की क्षमता बढ़ाने पर ज़ोर दे।

(लेखक वरिष्ठ आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

रवि शंकर



# पेट्रोल और डीजल जीएसटी से बाहर क्यों

देश में पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खासकर मध्यम वर्ग और रोज कमाने-खाने वाले लोगों में इसे लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। बताया जा रहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात के कारण कच्चे तेल के आयात पर असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ धीरे-धीरे उपभोक्ताओं पर डाल रही हैं। बता दें कि पिछले 15 दिनों में यह चौथी बार है जब पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई। कीमतों में बढ़ोतरी से आम लोगों, यात्रियों और परिवहन क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सिर्फ वाहन चालकों की ही नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है। वही देश के कई हिस्सों में इस समय कृषि कार्य, फसल परिवहन और आगामी बुवाई की तैयारियां चल रही हैं, जहां डीजल का व्यापक उपयोग होता है। ऐसे समय में डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि किसानों के लिए गंभीर संकट पैदा कर रही है। खेती की लागत बढ़ने से पहले से आर्थिक दबाव झेल रहा किसान और अधिक कर्ज के बोझ तले दबेगा। वर्तमान में देश के कई राज्यों और शहरों में पेट्रोल का दाम 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर चुका है। ऐसे में एक बार फिर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग तेज हो गई है। माना जा रहा है कि अगर ऐसा होता है तो ईंधन की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिल सकती है और लोगों को सीधी राहत मिलेगी। दरअसल, पेट्रोल की असल कीमत और उपभोक्ता द्वारा चुकाई जाने वाली कीमत में बड़ा अंतर टैक्स की वजह से है। मौजूदा समय में दिल्ली में बिकने वाले पेट्रोल की असली (बेस) कीमत सिर्फ 66.29 रुपये प्रति लीटर है। लेकिन इस पर केंद्र सरकार 11.90 रुपये प्रति लीटर का भारी-भरकम उत्पाद शुल्क वसूलती है। इसके बाद राज्य सरकार (दिल्ली सरकार) इस पर 16.03 रुपये का वैट लगा देती है। इसके अलावा, पेट्रोल पंप डीलर को प्रति लीटर 4.42 रुपये का कमीशन मिलता है। इन सभी शुल्कों को मिलाकर एक लीटर पेट्रोल के लिए उपभोक्ता को 100 रुपये से ज्यादा चुकाने पड़ते हैं। यानी, लगभग 28 से 30 रुपये सिर्फ टैक्स के रूप में जनता की जेब से जा रहे हैं। वर्तमान समय में पेट्रोल पर वास्तविक मूल्य के मुकाबले करीब 42 प्रतिशत और डीजल पर लगभग 32 प्रतिशत तक टैक्स लगाया जा रहा है। अलग-अलग राज्यों में वैट की दरें अलग होने के कारण पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बड़ा अंतर देखने को मिलता है। तेलंगाना में पेट्रोल सबसे महंगा है क्योंकि वहां पेट्रोल पर करीब 35.2 प्रतिशत वैट लगाया जाता है। वहीं अंडमान-निकोबार में पेट्रोल और डीजल पर केवल एक प्रतिशत वैट होने के कारण वहां ईंधन सबसे सस्ता बताया गया है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें अपने मौजूदा टैक्स (एक्साइज और वैट) को हटाकर ईंधन को जीएसटी के तहत लाती हैं, तो कीमतों में ऐतिहासिक कटौती हो सकती है। मान लीजिए कि डीलर का कमीशन जस का तस रहता है और तेल पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगाया जाता है, तो 66.29 रुपये के मूल दाम पर केवल 11.93 रुपये का टैक्स बनेगा। इस नए गणित के हिसाब से दिल्ली में पेट्रोल की कीमत घटकर 78.22 रुपये प्रति लीटर रह जाएगी। इसका सीधा अर्थ है कि ग्राहकों को प्रति लीटर लगभग 22 रुपये की भारी बचत होगी। गौरतलब है कि 2017 में जब जीएसटी लागू किया गया था, तो वन नेशन वन टैक्स की बात कही गई थी और कहा गया था कि देश में हर चीज पर एक समान टैक्स होगा और एक समान रेट होगा, लेकिन पेट्रोल-डीजल पर सभी राज्य मनमानी करते हुए अपने अपने हिसाब से वैट वसूल रहे हैं। इसके कारण हर राज्य में पेट्रोल-डीजल की दरें अलग-अलग हैं। इससे वन नेशन वन टैक्स की अवधारणा पर भी कुठाराघात हो रहा है। ये उत्पाद केंद्र और राज्य सरकारों के लिए राजस्व का प्रमुख स्त्रोत हैं। राज्यों को डर है कि जीएसटी के तहत इन उत्पादों को लाने से उनकी कर नीति, मूल्य निर्धारण और खपत को प्रभावित करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। कई राज्यों का मानना है कि पेट्रोल और डीजल पर वैट उनकी आर्थिक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जीएसटी में शामिल होने पर वे इस स्वायत्तता को खो सकते हैं। पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए राज्यों की सहमति और कर दर पर एकरूपता जरूरी है। हालांकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के तहत लाने का फैसला केंद्र और राज्य सरकारों की सहमति पर निर्भर करेगा, क्योंकि इससे राज्यों की टैक्स आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि इससे टैक्स से होने वाली बड़ी कमाई प्रभावित होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित
**दर्शन**

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है।

# ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार स्वामी विवेकानद जी अपने आश्रम में एक छोटे पालतू कुत्ते के साथ टहल रहे थे। तभी अचानक एक युवक उनके आश्रम में आया और उनके पैरों में झुक गया और कहने लगा- स्वामीजी मैं अपनी जिंदगी से बड़ा परेशान हूँ। मैं प्रतिदिन पुरुषार्थ करता हूँ लेकिन आज तक मैं सफलता प्राप्त नहीं कर पाया। पता नहीं ईश्वर ने मेरे भाग्य में क्या लिखा है, जो इतना पढ़ा-लिखा होने के बावजूद भी मैं नाकामयाब हूँ। युवक की परेशानी को स्वामीजी ने तुरंत समझ लिया। उन्होंने युवक से कहा- भाई! थोड़ा मेरे इस कुत्ते को कहीं दूर तक सैर करा दो। उसके बाद मैं तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर दूंगा। उनकी इस बात पर युवक को थोड़ा अजीब लगा लेकिन दोबारा उसने कोई प्रश्न नहीं किया और कुत्ते को दौड़ाते हुए आगे निकल पड़ा। कुत्ते को सैर कराने के बाद, जब एक युवक आश्रम में पहुंचा तो वह देखा कि युवक का चेहरा तेज है लेकिन उसका छोटा कुत्ता थक के जोर-जोर से हांफ रहा था। स्वामीजी ने पूछा- भाई, मेरा कुत्ता इतना कैसे थक गया? तुम तो बड़े शांत दिख रहे हो। क्या तुम्हें थकावट नहीं हुई? युवक ने कहा- स्वामीजी, मैं धीरे-धीरे आराम से चल रहा था, लेकिन मेरा कुत्ता अशांत था। सभी जानवरों के पीछे दौड़ता था, इसीलिए बहुत थक गया था। तब विवेकानंद ने कहा- भाई, तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर तो यही है! तुम्हारा लक्ष्य तुम्हारे आसपास है, लेकिन तुम उससे दूर चलते हो। अन्य लोगों के पीछे दौड़ते रहते हो और तुम जो चाहते हो वह दूर हो जाता है। युवक ने विवेकानंद के उत्तर से संतुष्ट होकर अपनी गलती को सुधारने का निर्णय लिया। अतः अपने लक्ष्य पर ध्यान रखो और भटकाने वाली सोच से दूरी बनाओ।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यावरण संरक्षण : आज का संकल्प, कल का भविष्य

धरती केवल मिट्टी, जल, वायु और पेड़ों का समूह नहीं है। यह मानव सभ्यता की जननी है, जीवन की धड़कन है और आने वाली पीढ़ियों की सबसे बड़ी धरोहर है। जब भी सुबह का सूरज पर्वतों की चोटियों को सुनहरी आभा से भर देता है, जब नदियों का निर्मल जल कल-कल करता हुआ बहता है, जब खेतों में हरियाली लहराती है और पक्षियों का मधुर कलरव वातावरण में संगीत घोल देता है, तब प्रकृति अपनी सुंदरता का परिचय देती है। किंतु आज यही प्रकृति मानव की अंधाधुंध महत्वाकांक्षाओं और स्वार्थपूर्ण गतिविधियों के कारण कराह रही है। बढ़ता प्रदूषण, कटते जंगल, सूखती नदियां, पिघलते हिमनद, बढ़ता तापमान और असंतुलित मौसम मानव को चेतावनी दे रहे हैं कि यदि अभी नहीं संभले, तो आने वाला भविष्य अत्यंत भयावह हो सकता है। - **चेतन वर्मा**, धमतरी

## ट्रेंड

### विकास गति मजबूत

भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा उल्लेखनीय गति पकड़ रही है। एयरट्रंक ने भारत में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने और 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता विकसित करने की घोषणा की है।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री



### नमो ऑक्सीजन पार्क

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की गरिमामयी उपस्थिति में, मेगा वृक्षारोपण अभियान का उद्घाटन किया गया और दिल्लीवासियों को 18 नमो ऑक्सीजन पार्क समर्पित किए गए।दिल्ली के सभी निवासियों से आग्रह है कि वे 'मां के नाम एक पेड़' अभियान में शामिल हों।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली



### ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई

अगर ड्रग माफिया ने अपनी हरकतें नहीं सुधारीं, तो वे धूल में मिल जाएंगे। हमारी सरकार पिछले साढ़े तीन वर्षों से ड्रग्स के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रही है। पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम को सख्ती से लागू करके ड्रग तस्करों के नेटवर्क पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।
-**सुखविंदर सिंह सुखु**, सीएम, हिमाचल प्रदेश



### सड़कों पर उतरें

अखबारों में खबरें लीक करना अरबों-खरबों का कारोबार है। इस रैकेट में बड़े लोग शामिल हैं। जब तक आप सड़कों पर उतर कर सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर नहीं करेंगे, यह रैकेट नहीं रुकेगा।
-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



## करंट अफेयर

# पूर्व प्रिंस एंड्र्यू ने तीन कॉटेज किराए पर देकर पैसा कमाया



ब्रिटेन की सार्वजनिक व्यय पर निगरानी रखने वाली संस्था की शुक्रवार को जारी शाही परिवार की संपत्तियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व प्रिंस एंड्र्यू ने शाही संपदा में तीन कॉटेज किराये पर देकर पैसा कमाया, जहां वह दो दशक तक बिना किराए के रहे थे। इसमें यह भी बताया गया है कि उनकी बेटिया, प्रिंसेस बीट्राइस और प्रिंसेस यूजनी, किराए वाली महल की संपत्ति में रहती हैं, जिसका भुगतान उनके पिता के बड़े भाई महाराजा चार्ल्स तृतीय करते हैं। 'नेशनल ऑडिट ऑफिस' की रिपोर्ट में कहा गया है कि एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर को विंडसर कैसल के पास अपने घर, रॉयल लॉज एस्टेट में कॉटेज को 20 साल से अधिक समय तक किराए पर देने से आय प्राप्त हुई। साल 2003 में किए गए रॉयल लॉज के एक पट्टे से पता चलता है कि उन्होंने संपत्ति के लिए सिर्फ एक मामूली रकम अदा दी, जिसे /"पेपरकॉर्न रेंट/" के नाम से जाना जाता है। इस परिसर में 30 कमरों वाली एक हवेली और आठ कॉटेज शामिल हैं जिनमें से तीन को किसी और को किराये पर देने की अनुमति थी। रिपोर्ट में आय की रिपोर्ट शामिल नहीं की गई थी। संसद की लोक लेखा समिति की पूर्व प्रमुख और हाउस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर पार्टी की सदस्य मारग्रेट होज ने इस चूक को चिंताजनक बताया।

## ऑफ बीट

# एआई में अत्यधिक पानी का इस्तेमाल हो सकता है



कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते उपयोग से ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ने वाले दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक नई रिपोर्ट ने गंभीर चेतावनी जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2030 तक एआई से जुड़ी प्रणालियां दुनिया की कुल बिजली खपत का लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा उपयोग कर सकती हैं, जबकि डेटा केंद्रों की शीतलन जरूरतों के लिए इस्तेमाल होने वाला पानी वैश्विक आबादी की वार्षिक पेयजल आवश्यकता से भी अधिक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की बढ़ती क्षमता और लोकप्रियता के साथ उसके पर्यावरणीय प्रभाव भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि एआई मॉडल समय के साथ अधिक दक्ष और कम ऊर्जा खपत वाले हो जाएंगे, जिससे उनकी पर्यावरणीय लागत घटेगी। हालांकि, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह धारणा भ्रामक हो सकती है। रिपोर्ट में 'जेवॉन्स पैराडॉक्स' का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार किसी तकनीक की दक्षता बढ़ने पर संसाधनों की कुल खपत कम होने के बजाय बढ़ सकती है। यह सिद्धांत 19वीं सदी के अर्थशास्त्री विलियम स्टेनली जेवॉन्स के अवलोकन पर आधारित है, जिन्होंने पाया था कि कोयले के उपयोग की दक्षता बढ़ने के बावजूद उसकी कुल मांग और खपत में वृद्धि हुई थी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पूर्व उप मुखिया की हत्या में पांच गिरफ्तार

चाईबासा। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में पूर्व उप मुखिया की हत्या में कथित तौर पर शामिल पांच लोगों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित संजय बोइपाई (40) की रविवार रात चक्रधरपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुड़गांव गांव में उनके आवास पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। संजय गुलकेड़ा पंचायत के पूर्व उप मुखिया थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीजू चौधरी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्होंने कथित तौर पर हत्या को अंजाम देने के लिए भाड़े के चार हत्यारे लिए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि चौधरी का बोइपाई के साथ जमीन के एक टुकड़े को लेकर लंबे समय तक विवाद और व्यक्तिगत दुश्मनी थी।

## सोने की नीलामी की सूचना

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई–पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे– 411035**

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी:

1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-07-26) **अंबिकापुर - अंबेडकर चौक**: PLI4GOL16937471, 20342987, 22953428. **भिलाई - जीई रोड**: PBX2GOL18464025, 18468967, 20124113, 21892944. **महासमुंद - बीजीएल**: PNU8GOL20900940. (13-07-26) **भिलाई - सिरसा गेट चौक**: PMM9GOL16828720, 18632388, 18629974, 21149743. **भिलाई - स्मृति नगर**: PLL2GOL19628555. **मनेंद्रगढ़ - बीजीएल**: PNU9GOL18658596, 20375636, 20548021, 20698044, 21130122, 22949662. (14-07-26) **बिलासपुर - अग्रसेन चौक**: PGJ8GOL16948158, 18620083, 19610405, 19631897, 19823386, 20369357, 20534505, 21410078, 21394860, 21781241. (15-07-26): **बिलासपुर - मुंगेली नाका**: PCZ5GOL20980626. **बिलासपुर - सरकंडा**: P42HGOL16810786, 20082487, 20356143, 20912339. **दुर्ग - महाराजा चौक**: PMW4GOL18984398, 21075476. (16-07-26): **दुर्ग - स्टेशन रोड**: P08IGOL21608992. **कटघोरा - बीजीएल**: PNY8GOL18654340, 20306203, 20347614, 20932378, 20865791, 21625515, 22407502, 22937570. (17-07-26) **कोरबा - सीएसईबी चौक**: PEQ2GOL18460664, 18637507, 18652019, 19669715, 20465796, 21612040, 22215690, 23560322. **कोरबा - कोसाबाड़ी**: PLI5GOL17014831. (20-07-26): **मुंगेली - मेन रोड**: POY9GOL18553636. **रायपुर - जीई रोड**: PCZ6GOL23142606. **रायपुर - प्रियांक टॉवर**: PEN5GOL19262688, 19620185, 21431523. **रायपुर - तेलीबांधा रोड**: PF45GOL18386674, 19438807, 19767584, 20754480. (21-07-26) **राजनंदगांव - जी ई रोड**: PEN6GOL19641752, 20317313, 20477137, 22202854, 22422968, 23191635, 23194752, 23196969, 23188931, 23182330.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना** दिनांक 04.06.2026

**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों के लिए आमंत्रित की जाती है। **निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 24.06.2026 है।**

| एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| NIT No. 66 Tender No. 192447 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 01 गरियाबंद अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रू. 100.00 लाख |
| NIT No. 67 Tender No. 192448 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 01 गरियाबंद अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। | रू. 60.00 लाख |
| NIT No. 68 Tender No. 192449 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 02 देवभोग अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रू. 50.00 लाख |
| NIT No. 69 Tender No. 192450 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग क्र. 02 देवभोग अंतर्गत विभिन्न पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य। | रू. 60.00 लाख |
| NIT No. 70 Tender No. 192451 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग राजिम के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. पेच मरम्मत ( ईमल्शन सहित) का कार्य। | रू. 20.00 लाख |
| NIT No. 71 Tender No. 192452 | जिला गरियाबंद के उपसंभाग राजिम के अंतर्गत विभिन्न आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रू. 50.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मंडल क्र.-2 (छ.ग.)

G- 262701232/4

Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़

आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कटघोरा वनमण्डल, कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

फोन/फैक्स नं. 07815-250157

**-:: नीलाम सूचना ::-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कटघोरा वनमण्डल के अंतर्गत कसनिया काष्ठागार में नीलाम दिनांक 16.06.2026 को रखी गई निम्नानुसार इमारती काष्ठ / जलाऊ चट्टा / व्यापारिक बांस / औद्योगिक बांस का ई–ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई–ऑक्शन में भाग लेवें। ई–ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / काष्ठागार कसनिया से प्राप्त की जा सकती है।

**विवरण**

| अ. क्र. | प्रजाति | पिछले नीलाम का शेष | | नया वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी | लट्ठा | बल्ली/डेंगरी |
| | | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. | नग |
| 1 | सागौन | 337.605 | 6643 | | | 337.605 | 6643 |
| 2 | साल | 4177.075 | 6078 | 1355.314 | 3112 | 5532.389 | 9190 |
| 3 | बीजा | 229.819 | 214 | 141.213 | 170 | 371.032 | 384 |
| 4 | तिंसा | 15.333 | 77 | 14.398 | 181 | 29.731 | 258 |
| 5 | शीशम | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 6 | खम्हार | 1.489 | 32 | | | 1.489 | 32 |
| 7 | हल्दू | 17.901 | 29 | | | 17.901 | 29 |
| 8 | साजा | 149.347 | 686 | 43.900 | 489 | 193.247 | 1175 |
| 9 | धावड़ा | 95.761 | 443 | 70.842 | 427 | 166.603 | 870 |
| 10 | सलिहा | 26.641 | 0 | 8.226 | | 34.867 | 0 |
| 11 | नीलगिरी | 9.944 | 79 | 12.013 | 51 | 21.957 | 130 |
| 12 | शीशु | 0.000 | 0 | | | 0.000 | 0 |
| 13 | अन्य | 564.887 | 1827 | 43.862 | 718 | 608.749 | 2545 |
| 14 | तेन्दू | 13.342 | 13 | 0.576 | 4 | 13.918 | 17 |
| **योग (काष्ठ)** | | **5639.144** | **16121** | **1690.344** | **5152** | **7329.488** | **21273** |
| 14 | सागौन जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 15 | सतकठा जलाऊ | 1310 | चट्टा | 290 | चट्टा | 1600 | चट्टा |
| 16 | कर्रा जलाऊ | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा | 0 | चट्टा |
| 17 | नीलगिरी | 0 | चट्टा | 3 | चट्टा | 3 | चट्टा |
| 18 | सलिहा जलाऊ | 88 | चट्टा | 0 | चट्टा | 88 | चट्टा |
| **योग (जलाऊ)** | | **1398** | **चट्टा** | **293** | **चट्टा** | **1691** | **चट्टा** |
| 19 | व्यापारिक बांस (नग) | 0 | नग | 0 | नग | 0 | नग |
| | | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 0.000 | नो.टन |
| 20 | औद्योगिक बांस (बण्डल) | 348 | बण्डल | 0.00 | बण्डल | 348 | बण्डल |
| | | 2.899 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |
| योग (बांस) | | 2.899 | नो.टन | 0.000 | नो.टन | 2.899 | नो.टन |

G-262701228/1

वनमण्डलाधिकारी
कटघोरा वनमण्डल कटघोरा

## छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सामान्य वनमंडल, महासमुन्द (छत्तीसगढ़)

**// नीलाम का संक्षिप्त विज्ञापन //**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द के पिथौरा काष्ठागार में ईमारती काष्ठ का निवर्तन ई-ऑक्शन द्वारा दिनांक 12.06.2026 को किया गया जावेंगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / पिथौरा काष्ठागार से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम स्थल का नाम - पिथौरा**
**नीलाम दिनांक - 12.06.2026**
**नीलाम समय - 9:00 बजे प्रातः**

**नीलाम दिनांक 12.06.2026 को रखे जाने वाले वनोपज का अनुमानित मात्रा काष्ठागार पिथौरा**

| क्र. | प्रजाति | नयी वनोपज | | | अन्सोल्ड (पुराना) वनोपज | | | कुल वनोपज | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | फे. पोल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | सागौन | 82.726 | 1252 | 1821 | 2510.763 | 17975 | 72308 | 2593.489 | 19227 | 74129 | 0.000 |
| 2 | साल | 2.339 | 0 | 0 | 6.647 | 54 | 0 | 8.986 | 54 | 0 | 0 |
| 3 | शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 1.087 | 0 | 0 | 1.087 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | बीजा | 1.071 | 0 | 0 | 33.799 | 0 | 0 | 34.870 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | साजा | 0.073 | 124 | 0 | 7.694 | 0 | 0 | 7.767 | 124 | 0 | 0 |
| 7 | हल्दु मुड़ी | 0.000 | 0 | 0 | 39.582 | 0 | 0 | 39.582 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | धावड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 50.199 | 0 | 0 | 50.199 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 0.867 | 0 | 0 | 0.867 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | खम्हार | 1.722 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 1.722 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | पापड़ा | 0.000 | 0 | 0 | 2.335 | 4 | 0 | 2.335 | 4 | 0 | 0 |
| 11 | सलिहा मोदे | 0.000 | 0 | 0 | 41.845 | 0 | 0 | 41.845 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | अन्य | 6.217 | 6286 | 0 | 104.952 | 176 | 0 | 111.169 | 6462 | 0 | 0 |
| **योग-** | | **94.148** | **7662** | **1821** | **2799.770** | **18209** | **72308** | **2893.918** | **25871** | **74129** | **0** |

| | |
|---|---|
| **काष्ठागार पिथौरा (सराईटार) - 1440 नग व्यापारिक बांस (पुराना )** | **डिपो बागबाहरा 2249 नग व्यापारिक बांस पुराना** |
| **काष्ठागार डिपो पिथौरा मिश्रित जलाऊ (नया) 75 चट्टा** | **काष्ठागार डिपो पिथौरा 9525 नग व्यापारिक बांस (नया)** |

**बलौदाबाजार वनमण्डल अंतर्गत निस्तार / उपभोक्ता / अस्थाई पड़ाव डिपो में संग्रहित वनोपज की मात्रा**

| क्र. | डिपो | जलाऊ पुराना | व्यापारिक बांस पुराना (नग) | औद्योगिक बांस पुराना (बंडल) | क्र. | डिपो | फेसिंग पोल पुराना | जलाऊ पुराना | व्यापारिक बांस पुराना (नग) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरपाली | 51 | 4649 | 0 | 5 | पलारी | 0 | 0 | 404 |
| 2 | थरगांव | 0 | 2690 | 0 | 6 | बलौदाबाजार | 0 | 29 | 250 |
| 3 | अ.प. नवागांव | 0 | 2000 | 1990 | 7 | अ. प. देवपुर | 0 | 0 | 0 |
| 4 | सिमगा | 28 | 0 | 0 | - | | - | - | - |
| | | | | | अ.प. नवागांव - औद्योगिक बांस 27340 बंडल (पुराना) | | | | |

**टीप :- (1)** क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम. एस. टी. सी. ईकॉमर्स में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। **(2)** क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईस मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने ई-वॉलेट में रखना अनिर्वाय है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशन ईएमडी की राशि जमा करना अनिवार्य है। **(3)** लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है। **(4)** ई-ऑक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा। उसी लॉट को क्रय करने के लिए अन्य क्रेताओं को 30 सेकण्ड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकण्ड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जावेगा। **दूरभाष क्रमांक 07723-222084 (कार्यालय)**

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल महासमुंद (छ.ग.)

G- 262701251/2

# भाजपा का दावा- उनके जाने से हमें तो कोई नुकसान नहीं

**अन्नामलाई ने क्षेत्रीय पार्टी का किया ऐलान**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु भाजपा के सबसे चर्चित नेताओं में से एक के. अन्नमलाई ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कयासों के लंबे दौर के बाद शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही अन्नामलाई ने अपनी नई क्षेत्रीय पार्टी बनाने का भी ऐलान कर दिया है। अन्नामलाई के इस बड़े कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए तमिलनाडु भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि अन्नामलाई के जाने से भाजपा को कोई नुकसान नहीं होने वाला है, क्योंकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। वहीं, पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष पीवीएन माधव ने थोड़ा नरम रुख दिखाते हुए उम्मीद जताई कि अन्नामलाई भविष्य में फिर से भाजपा में वापसी कर सकते हैं। अपने इस्तीफे में अन्नामलाई ने दिल्ली के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए लिखा कि राष्ट्रीय पार्टियां अक्सर तमिलनाडु की जनता की भाषा, संस्कृति और भावनाओं को समझने में नाकाम रहती हैं। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एआईएडीएमके के साथ दोबारा गठबंधन करने के फैसले से अन्नामलाई काफी नाराज थे। वे राज्य में भाजपा को अकेले चुनाव लड़ा कर मजबूत करना चाहते थे। साल 2020 में सिविल सेवा छोड़कर राजनीति में आए अन्नामलाई को 2021 में प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई थी, लेकिन लगातार दो चुनाव हारने के बाद अब उन्होंने पार्टी से अपनी राहें पूरी तरह जुदा कर ली हैं।

# खान सर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में कोचिंग विवाद के दौरान हुई फायरिंग का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चर्चित शिक्षक फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ पटना के कदमकुआं थाने में हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिसमें खान सर को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस का कहना है कि खान सर की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### 38 सेकंड का वीडियो हुआ था वायरल

दरअसल 38 सेकंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। उस वीडियो में दो शख्स फायरिंग करते हुए दिख रहे थे। लोगों ने बताया कि फायरिंग करता हुआ शख्स खान सर का ही सुरक्षाकर्मी है। पटना पुलिस प्रशासन ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

AXIS BANK

**Axis Bank invites proposals**

for premises on lease / rent for its new branches / offices at various locations across the country.

All interested parties may visit our website at the below mentioned link: https://pfb.axisbank.co.in/property-lease/create

# मंत्री रामलिंगा के इस्तीफे के बाद 'मनौव्वल' में जुटे डीके

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु



कर्नाटक सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद पैदा राजनीतिक विवाद अब कांग्रेस नेतृत्व के लिए बड़ी चुनौती बनता दिख रहा है। मंत्री रामलिंगा रेड्डी के इस्तीफे के बाद से ही सरकार डैमेज कंट्रोल की कोशिश में जुट गई है। सीएम डीके शिवकुमार और मंत्री प्रियांक खरगे ने साफ किया है कि पार्टी इस मामले को बातचीत से सुलझा लेगी। कांग्रेस नेतृत्व अब इस पूरे विवाद को शांत करने में जुट गया है ताकि सरकार और संगठन दोनों पर इसका असर न पड़े।कर्नाटक मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा किया गया था। रामलिंगा विभाग से संतुष्ट नहीं हैं।

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव बैराज जल प्रबंध संभाग, रामपुर / कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

आदेश क्रमांक / 835 / व.ले.लि. / 2026–27रामपुर / कोरबा, दिनांकः 05/06/2026

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

मुख्य अभियंता, मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना के ज्ञाप क्रमांक 199/सा-1-2(37)का 2025-26 बिलासपुर दिनांक 15.01.2026 के परिपालन में इस संभाग का निविदा सूचना क्र. 08/व.ले.लि./2025-26, दिनांक 16.12.2025 के अंतर्गत निविदा सिस्टम क्रमांक 181689, Old G. क्रमांक 252605519/1 है। दिनांक 06.01.2026 द्वारा केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ द्वारा ऑनलाईन खोला गया तृतीय आमंत्रण में प्रतिभागी निविदाकार की संख्या निरंक है। अतः उक्त निविदा को निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव बैराज जल प्रबंध संभाग, रामपुर / कोरबा

G-262701252/3

# नेपाल के विदेश मंत्री की आज जयशंकर संग बैठक

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | खपरीकला | 76.63 | 3,85,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 2 | घुपसाल | 142.32 | 4,68,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 3 | ककरेल | 114.41 | 2,45,000.00 | 49,000.00 | रूपये 500.00 |
| 4 | बरगांव-2 | 27.74 | 1,68,000.00 | 34,000.00 | रूपये 500.00 |
| 5 | छुरिया | 63.79 | 1,31,000.00 | 26,000.00 | रूपये 500.00 |
| 6 | गोपालपुर | 149.11 | 6,54,000.00 | 50,000.00 | रूपये 500.00 |
| 7 | चांदगढ़ी | 5.70 | 9,100.00 | 1,800.00 | रूपये 500.00 |

निविदा की शर्ते, कृषि भूमि के चक की विस्तृत जानकारी एवं अन्य जानकारी कार्यालय व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

तहसीलदार एवं व्यवस्थापक
राजगामी सम्पदा राजनांदगांव



**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला - धमतरी (छ.ग.)**
Email ID: commissionerdhamtari@gmail.com, Phone/Fax: 07722-241599

**-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**
Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/ई निविदा/2026/467 धमतरी, दिनांकः 01/06/2026
**टेण्डर सिस्टम नम्बरः 191941, 191943, 191469**

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा महापौर निधि अंतर्गत 02 कार्यों (विंध्यवासिनी वार्ड, महिमसागर वार्ड एवं सुभाष नगर वार्ड में सामुदायिक भवन में विभिन्न सुविधाओं का विस्तार) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में एवं Main portal:eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत ठेकेदारों से छत्तीसगढ़ के लो.नि.वि. के भवन एस.ओ.आर. 2015 एवं विद्युत एस.ओ.आर. 2020 (अद्यतन संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य सम्पादन हेतु निविदा प्रपत्र "A" में दिनांक 22/06/2026 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्यों का कार्यवार अनुमानित लागत, निर्धारित अमानत राशि निविदा की सामान्य शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी


## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 6248



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 6247 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | ब | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | | | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | बा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6258

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6257 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप



### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28 मई को समाप्त सप्ताह में 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले यह भंडार 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रह गया था। इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और डॉलर के मुकाबले रुपये के दबाव में आने से इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट दर्ज की गई।

### रुपया 81 पैसे के उछाल से 94.93 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 81 पैसे के उछाल के साथ 94.93 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा प्रवाह मजबूत करने के लिए कदम उठाने के बाद घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.72 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 94.89 के उच्च स्तर तक पहुंचा और अंततः 94.93 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद स्तर से 81 पैसे की मजबूती है।

### इवोनिथ स्टील ने इंद्रजीत पावर का किया अधिग्रहण



**नई दिल्ली।** इस्पात विनिर्माता कंपनी इवोनिथ स्टील ने दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत इंद्रजीत पावर प्राइवेट लिमिटेड (आईपीपीएल) का 232 करोड़ में अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इवोनिथ स्टील ने शुक्रवार को बयान में बताया कि 85 मेगावाट की ताप विद्युत संपत्ति का यह अधिग्रहण उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। कंपनी ने कहा कि उसे 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा सफल समाधान आवेदक के रूप में मंजूरी दी गई थी।

### एमजी मोटर इंडिया ने 1,000 ईवी चार्जर लगाए




**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 'एमजी चार्ज' पहल के तहत देशभर में 470 से अधिक स्थानों पर 1,000 सामुदायिक चार्जर स्थापित किए हैं। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी का दावा है कि इसके साथ ही वह इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सामुदायिक चार्जिंग अवसंरचना विकसित करने वाली देश की पहली मूल उपकरण विनिर्माता बन गई है।

# पॉलिमर नोटों पर प्रस्ताव शुरुआती चरण में, अभी कोई फैसला नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि पॉलिमर से बने नोट लाने का प्रस्ताव केंद्रीय बैंक के समक्ष विचाराधीन है और फिलहाल यह विचार अभी प्रारंभिक चरण में है। मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पॉलिमर नोट लाने के संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है और आरबीआई इसकी व्यवहार्यता का आकलन कर रहा है। उन्होंने कहा, पॉलिमर नोटों को लेकर प्रस्ताव विचाराधीन है। इस पर जैसे ही कोई निर्णय होता है, उसकी जानकारी दी जाएगी।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, अभी इसके व्यवहार्यता का आकलन जारी है

### फायदे और नुकसान का अध्ययन किया जा रहा

गवर्नर ने कहा कि इस संबंध में प्रकाशित खबरों में कुछ हद तक सच्चाई है, लेकिन अभी इस बारे में कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, /''केंद्रीय बैंक इसके फायदे और नुकसान का अध्ययन कर रहा है और यह देख रहा है कि इसे लागू करना कितना व्यावहारिक होगा।




### नोट खास प्लास्टिक पॉलिमर से बनाए जाते हैं

गर्वनर ने बताया कि पॉलिमर नोटों के लाभ एवं चुनौतियों का मूल्यांकन किया जा रहा है और यह प्रक्रिया अभी शुरुआती स्तर पर है। पॉलिमर नोट ऐसे मुद्रा नोट होते हैं जो कागज की जगह खास प्लास्टिक 'पॉलिमर' से बनाए जाते हैं। ये सामान्य नोटों से ज्यादा मजबूत एवं टिकाऊ होते हैं, पानी से खराब नहीं होते और इनमें बेहतर सुरक्षा फीचर होने से नकली नोट बना पाना मुश्किल होता है।

### वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त नकदी

इस बीच, आरबीआई ने कहा कि वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त मात्रा में नकदी उपलब्ध है और एटीएम में नकदी की किसी भी तरह की किल्लत को जल्द ही पूरा किया जाएगा। गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के पास एटीएम एवं बैंक शाखाओं में नकदी उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त भंडार है और जरूरत पड़ने पर तेजी से आपूर्ति की जाएगी।

### 10 रुपए के पॉलिमर नोट पहले जारी होने वाले थे

इससे पहले फरवरी 2014 में सरकार ने संसद को बताया था कि 10 रुपये मूल्यवर्ग के एक अरब पॉलिमर नोटों को देश के पांच शहरों में परीक्षण के तौर पर जारी किया जाएगा। इस परीक्षण के लिए कोच्चि, मैसूर, जयपुर, शिमला और भुवनेश्वर का चयन किया गया था। हालांकि तकनीकी एवं परिचालन संबंधी समस्याओं के कारण इस पहल को बाद में रोक दिया गया था।

## आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश किया जारी

# विदेशी निवेशकों के लिए सरकारी बांड से होने वाली कमाई होगी टैक्स -फ्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने रुपये पर दबाव को कम करने और विदेशी पूंजी आकर्षित करने के उद्देश्य से सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में विदेशी निवेशकों को ब्याज आय और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट दे दी है। सरकार की पांच जून की राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, आयकर अधिनियम में संशोधन करने के लिए अध्यादेश जारी किया है।

**सरकार रुपए पर दबाव कम करने व विदेशी पूंजी आकर्षित करना चाह रही**

इसके तहत एक अप्रैल से सरकारी प्रतिभूतियों की बिक्री, विनिमय या हस्तांतरण से होने वाली ब्याज आय एवं पूंजीगत लाभ पर कर छूट प्रदान की गई है। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह छूट एक अप्रैल से प्रभावी होगी। इसका मतलब है कि यह छूट सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश के संबंध में एक अप्रैल को या उसके बाद एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों) को प्राप्त होने वाले किसी भी ब्याज या पूंजीगत लाभ पर लागू होगी।

## विदेशी निवेशकों को ब्याज आय व पूंजीगत लाभ पर आयकर छूट दी

### छूट विदेशी संस्थागत निवेशक व बीआईएस पर लागू होगी

यह छूट विदेशी संस्थागत निवेशकों और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) पर लागू होगी। बशर्ते वे निर्धारित सूचना-खुलासा आवश्यकताओं का पालन करें। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा हस्ताक्षरित इस अध्यादेश में बीआईएस को 1930 में स्थापित एवं स्विट्जरलैंड के बासेल स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था के रूप में परिभाषित किया गया है।




### 12 माह से अधिक रखे गए बांड पर 12.5 प्रतिशत एलटीसीजी देना होगा

विदेशी निवेशकों को वर्तमान में 12 महीने से अधिक समय तक रखे गए सूचीबद्ध शेयर और बॉन्ड पर 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) देना होता है। इसके अलावा, सरकारी बॉन्ड से अर्जित ब्याज पर 20 प्रतिशत का 'विदहोल्डिंग टैक्स' (स्रोत पर कर कटौती) भी देना पड़ता है।

### विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने कई उपाय

पूंजी बाजार को गहरा करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप, वित्त मंत्रालय ने भारत के बाहर रहने वाले लोगों और एफपीआई के लिए निवेश में आसानी बढ़ाने एवं स्थिर दीर्घकालिक विदेशी पूंजी प्रवाह को आकर्षित करने के उद्देश्य से कई उपायों को पेश किया है।

### सॉवरेन ग्रीन बांड शामिल किया गया

इसमें कहा गया कि सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत निर्दिष्ट प्रतिभूतियों की सूची का विस्तार करने का निर्णय लिया है। इसमें 15 वर्ष, 30 वर्ष और 40 वर्ष की अवधि वाली नई सरकारी प्रतिभूतियों के साथ-साथ सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड को भी शामिल किया जाएगा।

### बांड होंगे अधिक आकर्षक: विशेषज्ञ

सरकार के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लिए सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में छूट देने के कदम से भारत सरकार के बांड अधिक आकर्षक और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। सरकार ने विदेशी निवेशकों को डॉलर प्रवाह आकर्षित करने के उद्देश्य से एक अध्यादेश के माध्यम से यह कर छूट लागू की है।

## वाणिज्य मंत्री गोयल ने जताई संभावना

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण जुलाई मध्य संभव

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और अगले महीने के मध्य तक इस समझौते का पहला चरण लागू हो जाने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अमेरिकी दल दो से चार जून तक नयी दिल्ली में था और उन्होंने भारतीय दल के साथ संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। गोयल ने कहा, ''मेरी भी उनसे मुलाकात हुई थी और हम सभी अधूरे मुद्दों को सुलझाने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे लगता है कि अगले महीने के मध्य तक हम समझौते के पहले चरण को बहुत अच्छे तरीके से लागू करने की स्थिति में होंगे।'' गोयल ने यहां कहा, ''यह हमारे द्विपक्षीय व्यापार समझौते का सिर्फ पहला चरण है, जिससे हमारे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में भारत को तरजीही पहुंच मिलेगी।'' वाणिज्य मंत्री ने कहा कि इस महीने के आखिर में एक उच्च-स्तरीय दल के भारत आने की उम्मीद है। संभावना है कि इस दल का नेतृत्व अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर कर सकते हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस सप्ताह हुई वार्ता के दौरान दोनों देशों के व्यापार दलों ने वस्तु व्यापार, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क और कारोबार सुगमता, आर्थिक सुरक्षा समन्वय तथा पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की।

### अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व लिंच ने किया

अमेरिकी पक्ष का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच ने किया जबकि भारतीय पक्ष की अगुवाई वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव वार्ताकार दर्पण जैन ने की। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश पहले चरण के द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की रूपरेखा को अंतिम रूप दे चुके हैं और अब अंतरिम व्यापार समझौते एवं व्यापक बीटीए की दिशा में काम कर रहे हैं।

# मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद शेयर बाजार में रही गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मौद्रिक नीति घोषणाओं के बीच शेयर बाजारों में शुक्रवार को मुनाफावसूली होने से गिरावट आई और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 117 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी 49.85 अंक नुकसान में रहा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाने और महंगाई का अनुमान बढ़ाने के बीच मुनाफावसूली होने से बाजार नुकसान में रहा। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 116.67 अंक टूटकर 74,243.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,717.57 और नीचे में 73,988.75 अंक तक गया। इस तरह सेंसेक्स में कुल 728.82 अंकों का उतार-चढ़ाव देखा गया। वहीं निफ्टी 49.85 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,366.70 पर बंद हुआ।

आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के अनुरूप प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा। इसके साथ पश्चिम एशिया संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्या के कारण वृद्धि और मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच विदेशी पूंजी आकर्षित करने और रुपये को समर्थन देने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मौद्रिक नीति उम्मीद के अनुरूप रहने से घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए। आरबीआई के उपायों से रुपये को मजबूत करने में मदद मिली।

## सेंसेक्स 117 और निफ्टी 50 अंक रहा नुकसान में




### इन शेयरों में रही लाभ-हानि

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टाटा स्टील, एनटीपीसी, एचसीएल टेक और भारती एयरटेल प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

### मारुति हरित ऊर्जा पर 925 करोड़ करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** कार बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआई) वित्त वर्ष 2030-31 तक हरित ऊर्जा से जुड़ी पहल में 925 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है, जिसमें दो बायोगैस परियोजनाएं भी शामिल हैं। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि कंपनी अपनी खरखौदा इकाई में 10 टन प्रति दिन (टीपीडी) क्षमता वाला बायोगैस संयंत्र लगाएगी, जिसे वित्त वर्ष 2026-27 में चालू किया जाएगा। बयान के अनुसार, दूसरी पहल के तौर पर कंपनी ने मानेसर स्थित अपनी इकाई में बायोगैस संयंत्र की क्षमता को 0.2 टीपीडी से बढ़ाकर 0.7 टीपीडी कर दिया है।

# टाटा मोटर्स का वैश्विक विस्तार पर अधिक जोर: चंद्रशेखरन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि कंपनी अगले पांच वर्षों में वैश्विक विस्तार पर ध्यान देगी और उभरते क्षेत्रों में नेतृत्व हासिल करने के साथ अपने मजबूत खंड में शीर्ष स्थान बनाए रखेगी।



चंद्रशेखरन ने गोवा में आयोजित 'कमर्शियल व्हीकल (सीवी) डीलर बिजनेस प्लानिंग मीट 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि टाटा मोटर्स मजबूत मात्रा वृद्धि के दम पर अगले तीन-चार वर्षों में विभिन्न वाणिज्यिक वाहन खंड में अपनी नेतृत्व स्थिति और मजबूत करेगी।

चेयरमैन ने कहा कि टाटा समूह का वाहन कारोबार अब वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन चुका है और अकेले यह खंड ही करीब 80 अरब डॉलर का राजस्व हासिल करने की ओर अग्रसर है, जबकि 2017 में पूरे समूह का राजस्व 100 अरब डॉलर था।

### आइवेको के अधिग्रहण से उन्नत तकनीक तक पहुंच

चंद्रशेखरन ने कहा कि आइवेको के अधिग्रहण की प्रक्रिया से कंपनी को उन्नत तकनीक तक पहुंच, नए वैश्विक बाजारों में विस्तार और उत्पाद क्षमताओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस अधिग्रहण के बाद टाटा मोटर्स वैश्विक स्तर पर शीर्ष चार वाणिज्यिक वाहन विनिर्माताओं में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ेगी।

### नियामकीय उल्लंघन पर केनरा बैंक पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने केनरा बैंक पर 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) समेत कुछ नियमों का पालन नहीं करने पर 41.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने 31 मार्च, 2025 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के आधार पर किए गए निगरानी मूल्यांकन (आईएसई 2025) में यह पाया कि केनरा बैंक ने तय समय-सीमा के भीतर कुछ ग्राहकों के केवाईसी रिकॉर्ड केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर) पर अपलोड नहीं किए थे। बैंक ने कुछ खातों को 'निष्क्रिय' के तौर पर भी वर्गीकृत किया, जबकि उन खातों में ग्राहक द्वारा किया गया आखिरी लेनदेन एक साल से भी कम समय पहले हुआ था।

# ओयो सहित पांच कंपनियों को सेबी से आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली।** ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म, वारबर्ग पिंकस समर्थित टूहोम फाइनेंस और रियल एस्टेट डेवलपर वीगलैंड डेवलपर्स सहित पांच कंपनियों को बाजार नियामक सेबी से अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की मंजूरी मिल गई है।

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी प्राप्त करने वाली अन्य कंपनियां कृषि समाधान फर्म एडवांटा एंटरप्राइजेज और मेहता हाईटेक इंडस्ट्रीज हैं। सेबी के अनुसार, नियामक ने एक से पांच जून के बीच इन कंपनियों के आईपीओ के मसौदा पत्रों पर अपनी टिप्पणियां जारी कीं।

## अमेरिकी एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने हाल में दी जानकारी

# भारत आ रहा 'क्लाउड मिथोस', चुने संगठनों को एक्सेस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साइबर सिक्योरिटी की दुनिया में तहलका मचा देने वाला एंथ्रोपिक का क्लाउड मिथोस मॉडल अब भारत में प्रवेश करने के लिए तैयार है। भारत के कुछ संगठन को इसकी एक्सेस मिलने जा रही है। दरअसल, अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने हाल ही में यह जानकारी दी। बताया गया कि वह ज्यादा संगठनों, सरकारों, साइबर सिक्योरिटी एजेंसियों को इस मॉडल की एक्सेस देगी। यह मॉडल बहुत पावरफुल माना जा रहा है और यह किसी भी ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर को चुटकियों में हैक कर सकता है। इसलिए इसे अभी तक पब्लिक के लिए लांच नहीं किया गया है।

## ऑपरेटिंग सिस्टम और सॉफ्टवेयर को चुटकियों में हैक कर सकता है

### 150 नए संगठनों को मिलेगी एक्सेस

एंथ्रोपिक ने कहा कि वह लगभग 150 नए संगठनों को इस मॉडल की एक्सेस देने जा रही है। इसके साथ ही इन संगठनों की कुल संख्या 200 पहुंच जाएगी। इससे पहले कंपनी केवल अमेरिका और यूके की कुछ कंपनियों के साथ इस मॉडल को टेस्ट कर रही थी। इसे फाइनेंशियल सर्विसेस, साइबर सिक्योरिटी, टेक्नोलॉजी, हेल्थकेयर, कम्युनिकेशन, पावर, वाटर और हार्डवेयर सेक्टर से जुड़ी कंपनियों के साथ टेस्ट किया जा रहा है।




### अब इन देशों को मिली एक्सेस

एंथ्रोपिक ने अमेरिका और यूके के अलावा भारत, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, स्वीडन, नीदरलैंड, जापान और साउथ कोरिया आदि देशों के संगठनों को अपने इस मॉडल की एक्सेस दी है। कंपनी की तरफ से यह जानकारी नहीं दी गई है कि इन देशों के कौन-से संगठनों को अब इस मॉडल को एक्सेस कर पाएंगे।

### पब्लिक के लिए आने वाला है मिथोस जैसा मॉडल

क्लाउड मिथोस को अभी तक पब्लिक के लिए लांच नहीं किया है। एंथ्रोपिक ने बताया कि उसके समेत अभी तक किसी भी कंपनी के पास इस तरह के मॉडल के मिसयूज को रोकने का कोई तरीका नहीं है। इसी बीच कंपनी इस मॉडल जैसे एक दूसरे मॉडल को पब्लिक के लिए रोल आउट करेगी। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले कुछ हफ्तों में इसे लांच किया जा सकता है।

**MUNICIPAL CORPORATION Raipur**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO: 23 /PWD/Zone-1/2026 (2nd call) RAIPUR DATED: 05/06/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 22/06/2026 at 17:30 hours.

| S. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probable Amount of Contract (in Rupees) | Invite |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 192552 | वार्ड क्रमांक 18 अंतर्गत शा.प्रा. शाला कम्यूनिटी हॉल गुढ़ियारी जनता कालोनी तिलक नगर का जीर्णोद्धार कार्य। | 40,00,000.00 | द्वितीय निविदा आमंत्रण |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 04/06/2026, 17:30 Hours(IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID- helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO. - 1
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

# सूर्या की जगह अय्यर होंगे टी20 टीम के कप्तान

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय चयन समिति शनिवार को जब ब्रिटेन के दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीम को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करेगी तो श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह टी20 टीम की कप्तानी मिलना तय है।

भारत के ब्रिटेन के दौरे में 26 और 28 जून को बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। इसके बाद भारत इंग्लैंड के खिलाफ 1 जुलाई से शुरू होने वाले 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 3 वनडे मैच खेलेगा। एशियाई खेल सितंबर-अक्टूबर में आइची-नागोया में होंगे और निर्धारित समय सीमा को देखते हुए टीम की घोषणा समय से पहले की जा रही है।



### वैभव की सीनियर टीम में शामिल किए जाने की संभावना

ऐसी संभावना है कि तिलक वर्मा नए उप-कप्तान होंगे, जबकि 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया जाएगा। सूर्यकुमार को न केवल इस साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप जीतने के बावजूद कप्तान पद से हटाया जा रहा है, बल्कि पिछले 18 महीनों में उनके खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है।

### ब्रिटेन दौरे और एशियाई खेलों के लिए टीमों की घोषणा

चयन समिति ब्रिटेन दौरे और सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए दो अलग-अलग टीमों की घोषणा करेगी। एशियाई खेलों के लिए तिलक वर्मा को कप्तान बनाया जा सकता है और सूर्यवंशी के भी उस टी20 टीम का हिस्सा होने की संभावना है। कुछ नए नाम इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिनमें तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे भी शामिल हैं।

# टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे सुदर्शन : गंभीर

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्पष्ट किया कि साई सुदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के पर्याप्त मौके दिए जाएंगे क्योंकि बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के 6 मैच में निराशाजनक प्रदर्शन से उनकी क्षमता का आकलन नहीं किया जा सकता है।

सुदर्शन ने अब तक खेले गए 6 टेस्ट मैचों में 27.45 के औसत से कुल 302 रन बनाए हैं, लेकिन मुख्य कोच ने कहा कि उन्हें देवदत्त पडिक्कल पर तरजीह दी जाएगी, जो इस स्थान के लिए एक अन्य दावेदार हैं। पडिक्कल ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2024 में टेस्ट मैच के बाद से लंबी अवधि के प्रारुप में भारत का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। गंभीर ने कहा कि सुदर्शन को इंग्लैंड में तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों में खेलना पड़ा और इसे देखते हुए उन्हें बाहर करना अनुचित होगा।



### साई को नहीं मिला उचित मौका

गंभीर ने कहा, 'सच कहूं तो साई को उचित मौका नहीं मिला है। उन्होंने बहुत कम टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत इंग्लैंड में की। हम सभी जानते हैं कि इंग्लैंड में खेलना आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है (722 रन) और हम उन्हें उचित मौका देंगे। मुझे अब भी लगता है कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं।' इसका मतलब है कि पडिक्कल को इंतजार करना होगा क्योंकि फिटनेस संबंधी कोई समस्या न होने पर सुदर्शन कम से कम अगले 10 टेस्ट मैच खेलेंगे।

### पडिक्कल को देंगे उचित मौका

गंभीर ने कहा, 'साई खराब फॉर्म में नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल में 700 से अधिक रन बनाए हैं। अगर हम साई का आकलन चार पांच मैचों के आधार पर करेंगे तो फिर कोई ठोस राय नहीं बना पाएंगे।' गंभीर ने कहा, 'जब भी पडिक्कल का समय आएगा, हम उन्हें भी उचित मौका देंगे। यह किसी एक को पांच टेस्ट मैच और दूसरे को एक टेस्ट मैच में उतारने की बात नहीं है। अगर हम किसी एक को पर्याप्त मौका देते हैं, तो जब भी दूसरे को मौका मिलेगा हम उसे भी पर्याप्त मौके देंगे।

## खबर संक्षेप




### आज दिल्ली में माय भारत युवा सम्मेलन

**नई दिल्ली।** खेल और युवा कार्य मंत्रालय का 'माय भारत युवा सम्मेलन' शनिवार को आयोजित किया जाएगा, जिसमें ओलंपिक पदक विजेता पहलवान अमन सहरावत और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी फर्राटा धावक गुरिंदरवीर सिंह समेत खेल जगत के कई सितारे भाग लेंगे। मंत्रालय के अनुसार त्यागराज स्टेडियम में होने वाले इस सम्मेलन में देश के 6 हजार से अधिक युवा भाग लेंगे। इनमें छात्र, युवा पेशेवर, उद्यमी, कंटेंट क्रिएटर्स शामिल होंगे। इस दौरान खेल, उद्यिता, प्रशासन और कंटेंट क्रिएशन से जुड़ी उदीयमान प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

### रोम डायमंड लीग: 8वें स्थान पर रहे सचिन

**रोम।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव डायमंड लीग में पदार्पण करते हुए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और आठवें स्थान पर रहे, जबकि श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरागे ने अपने करियर में पहली बार 90 मीटर का प्रतिष्ठित आंकड़ा पार करते हुए खिताब जीता। 26 वर्षीय यादव केवल 79.18 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो ही कर सके, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 86.27 मीटर से काफी कम था। उन्होंने अपना यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में किया था जहां वह चौथे स्थान पर रहे थे। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 81.95 मीटर है।



### उड़ान में बीमार पड़े निशानेबाजी कोच राणा

**नई दिल्ली।** मशहूर निशानेबाजी कोच जसपाल राणा जर्मनी के म्युनिख में हुए आईएसएसएफ विश्व कप से भारतीय दल के साथ लौटते हुए उड़ान में बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें चिकित्सा प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। राणा भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफार्मेंस कोच हैं। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते।

## मुल्लांपुर में भिड़ेंगी गिल और शाहिदी की टीमें, मैच सुबह 9.30 बजे से

# आठ साल बाद आमने-सामने भारत अफगानिस्तान, आज से इकलौता टेस्ट

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत का पिछले कुछ समय में घरेलू टेस्ट मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन रहा है, लेकिन उसकी टीम अब भी बेहद मजबूत है और वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के महत्वपूर्ण मैचों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में उचित संयोजन तैयार करने की कोशिश करेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला यह मैच डब्ल्यूटीसी का हिस्सा नहीं है लेकिन टीम की दिशा तय करने के लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है। इन दोनों टीम के बीच इससे पहले 2018 में टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें अफगानिस्तान ने लंच और चाय के सत्र के बीच 10 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तीसरे सत्र में उसकी दूसरी पारी भी सिमट गई थी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा था।



### भारत का पलड़ा भारी

अब 2026 में हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली अफगानिस्तान की टीम भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देने की कोशिश करेगी, जो बदलाव के दौर से गुजर रही है और अभी तक उचित संयोजन तैयार करने के लिए संघर्ष कर रही है। इसके बावजूद भारत का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है। लेकिन भारतीय खिलाड़ी पिछले साल बेहतरीन तैयारी के साथ मैदान में उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम से 0-2 से मिली करारी हार को नहीं भूले होंगे और वह अनुभव के अंतर के बावजूद विपक्षी टीम को हल्के में न लें तो बेहतर होगा।

### मानव-हर्ष पर रहेगी नजर

मानव सुथार और हर्ष दुबे को टीम में रखा है। अगर पिछले कुछ दिन के नेट अभ्यास पर गौर करें तो सुथार बेहतर खिलाड़ी नजर आते हैं लेकिन दुबे का पलड़ा भी कम भारी नहीं है। मानव आक्रामक गेंदबाज नजर आते हैं जबकि दुबे का रवैया थोड़ा रक्षात्मक है लेकिन उनकी बल्लेबाजी अधिक मजबूत है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल (उपकप्तान), साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्ष दुबे, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, मानव सुथार, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल।

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, नांगेयालिया खारोटे, बिलाल सामी, कैस अहमद, मोहम्मद सलीम, जियाउर रहमान।

### 2018 में भारत ने दो दिन में जीता था मैच

जहां तक भारत और अफगानिस्तान के बीच मुकाबले की बात है तो आंकड़ों पर नजर डालने से भी अंतर स्पष्ट हो जाता है। अफगानिस्तान ने 2018 में बेंगलुरु में भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था, जिसे मेजबान टीम ने दो दिनों के भीतर ही जीत लिया था। इसके बाद से जून 2026 तक अफगानिस्तान ने 11 और मैच खेले हैं। इसी अवधि में भारत ने 67 टेस्ट मैच खेले हैं, जिनमें से ऋषभ पंत अकेले 49 मैचों का हिस्सा रहे हैं। संयोगवश, जब अफगानिस्तान आखिरी बार भारत के खिलाफ खेला था, तब पंत ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण भी नहीं किया था। 2018 की टीम से केवल केएल राहुल ही वर्तमान भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा हैं, जबकि अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी और बल्लेबाज रहमत शाह भी उस मैच में खेले थे।

## फ्रेंच ओपन

# सेमीफाइनल में पहुंचने पर माजा को लग रहा था होटल का बिल बढ़ने का डर

चवालिंस्का ने पेरिस में नहीं कराया था पूरे समय के लिए होटल बुक

### कोयले खदान में मजदूर माजा के पिता



### क्ले कोर्ट पर सिर्फ दो टूर-लेवल जीती थीं माजा

चवालिंस्का जब पेरिस पहुंचीं, तो क्ले कोर्ट पर उनके नाम सिर्फ दो टूर-लेवल जीत थीं। उन्हें उम्मीद से ज़्यादा अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा था। आम तौर पर ऐसे रिकॉर्ड वाला खिलाड़ी क्वालिफ़ाइंग राउंड से आगे बढ़ने की कोशिश करता है, न कि किसी ग्रैंड स्लैम की कहानी को नए सिरे से लिखता है।

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रेंच ओपन 2026 शुरू होने से पहले अगर कोई कहता कि माजा चवालिंस्का ग्रैंड स्लैम का फाइनल खेलेंगी तो शायद कोई भी हंस पड़ता, मगर अब वहीं होने जा रहा है, जिसकी कल्पना भी शायद किसी ने नहीं की होगी। इससे पहले तक ज्यादातर लोगों ने उनका नाम तक नहीं सुना था। माजा चवालिंस्का को खुद भी यकीन नहीं हो रहा।

वह जब इवेंट में उतरी थी तो उन्होंने भी नहीं सोचा था कि उनका सफर फाइनल तक पहुंच जाएगी, इसीलिए उन्होंने पैसे बचाने के लिए पूरे समय के लिए होटल भी बुक नहीं किया था। यहां तक कि सभी को चौंकाते हुए जब उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाई तो उन्हें होटल का बिल बढ़ने का डर सताने लगा था। उन्हें डर था कि वो बिल कैसे चुका पाएंगी, मगर अब फाइनल में पहुंचने के बाद होटल खर्च को लेकर उनका डर खत्म हो गया है।

### इतिहास रचने के करीब चवालिंस्का

लगभग दो सप्ताह बाद चवालिंस्का इतिहास रचने के बहुत करीब हैं। वह ओपन एरा में एम्मा राडुकानु के बाद ग्रैंड स्लैम ट्रॉफ़ी जीतने वाली दूसरी क्वालिफ़ायर बनने से बस एक जीत दूर हैं। कुछ महीने पहले ही वह पोलिश टेनिस की दुनिया में एक गुमनाम नाम थीं। यूनाइटेड कप के दौरान कोयले के खादान में काम करने वाले मजदूर की बेटी चवालिंस्का को चार बार की रोलैंड गैरोस चैंपियन इगा स्वियातेक के लिए बर्फ पकड़े हुए भी देखा गया था, मगर अब चवालिंस्का के लिए सब कुछ बदल गया है। अब फाइनल में उनका सामना रूस की टीनएजर मीरा आंद्रीवा से होगा।

# नॉर्वे चेस : क्लासिकल बाजी में प्रज्ञानानंदा ने गुकेश को हराया, वेस्ली से सिर्फ आधा अंक पीछे

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने हमवतन गुकेश पर क्लासिकल बाजी में शानदार जीत हासिल करके नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के खिताब की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। प्रज्ञानानंदाइस जीत के बाद शीर्ष पर काबिज अमेरिका के वेस्ली सो से सिर्फ आधा अंक पीछे रह गए हैं, जिससे यहां अंतिम दौर में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है।

प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलने के बावजूद विश्व चैंपियन गुकेश को क्लासिकल बाजी में हराकर पूरे तीन अंक हासिल किए। इससे वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हो गए हैं। नौवें दौर के बाद प्रज्ञाननंदा 15 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो (15.5) से ठीक पीछे दूसरे स्थान पर हैं।



### खिताब की दौड़ में फ़िरोजा

फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा भी 14.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहकर खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। इस तरह से अंतिम दौर में तीन खिलाड़ियों के पास खिताब जीतने का मौका है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जो भी खिलाड़ी खिताब जीतेगा, वह पहली बार नॉर्वे शतरंज चैंपियन बनेगा। प्रज्ञाननंदा निर्णायक अंतिम दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर का सामना करेंगे जबकि वेस्ली सो का मुकाबला अलीरेज़ा से होगा।

### जिनेर ने दिव्या को हराया

झू जिनेर ने काले मोहरों से खेलते हुए दिव्या देशमुख को हराया और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। इससे वह दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। कोनेरू हम्पी को महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हार मिली।

## एशियाई अंडर-18 हॉकी

# पेनल्टी शूटआउट में हारी महिला टीम, स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीन से पेनल्टी शूटआउट में हार गई और इस तरह से स्वर्ण पदक की दौड़ से बाहर हो गई। भारतीय टीम चार क्वार्टर तक चले रोमांचक मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद शूटआउट में 1-3 से हार गई। भारत की तरफ से निर्धारित समय में नौशीन नाज (तीसरे मिनट) और किरण एक्का (54वें मिनट) ने गोल दागे, जबकि ली ज़ेयान (24वें मिनट) और झांग युज़ेंग (48वें मिनट) ने चीन के लिए गोल किए।



### कांस्य के लिए भिड़ेगा भारत

महिला वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल मैच जापान और कोरिया के बीच खेला जाएगा। भारत शनिवार को कांस्य पदक के लिए इस मैच में हारने वाली टीम से भिड़ेगा। भारत ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत करते हुए तीसरे मिनट में ही गोल दाग दिया।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**व्यक्तिगत उपस्थिति समन (ईश्तहार)**

सरफेसी एक्ट प्र.क्र.
202602100100022/25/ब-121/ वर्ष 2025-26

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशलन बैंक, शाखा - सी.ओ.एस.ए.एम. सर्किल कार्यालय, सेक्टर-24, नया रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ........वादी

प्रेषिती

श्री चेट्टी अरूण पता- फ्लैट नं.- 224, ब्लॉक नं.-06, जूही अपार्टमेंअ तालपुरी, बी-ब्लाक, रिसाली भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ....प्रतिवादीगण

उपरोक्त वादी द्वारा इस न्यायालय में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 14 के अन्तर्गत अनावेदकगण द्वारा आवेदक बैंक से ऋण राशि की सुरक्षा हेतु बैंक के पक्ष में बंधक रखी गई अचल संपत्ति-फ्लैट नंबर-224, दूसरी मंजिल, ब्लॉक नं.-06 जूही अपार्टमेंट ट्विन सिटी, तालपुरी, रूआबांधा, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित कुल क्षेत्रफल 658.62 वर्गफीट जो अनावेदक क्रं. 01 के नाम पर है, को बकाया राशि की अदायगी नहीं किये जाने से रिक्त भौतिक आधिपत्य में प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अन्तर्गत अनावेदकों को इस न्यायालय द्वारा समक्ष सुनवाई किये जाने हेतु रजिस्टर्ड सूचना पत्र जारी कर आहूत किया गया था। अनावेदक क्रं. 01 को जारी रजिस्टर्ड नोटिस में प्राप्तकर्ता बिना बताये चला गया, लेखकर अदम तामिल वापस प्राप्त हुआ है।

चूँकि अनावेदक क्रं. 01 को प्रकरण में समक्ष सुनवाई का युक्ति युक्त अवसर प्रदान किया जाना है। अतएव इस समन के जरिये अनावेदक क्रं. 01 को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी **पेशी दिनांक 13/07/2026** को कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैर हाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 04/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) **जिला दण्डाधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)**

# फ्रेंच ओपन : ज्वेरेव फाइनल में, पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से एक जीत दूर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

जर्मनी के दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शुक्रवार को चेक गणराज्य के युवा खिलाड़ी याकुब मेंसिक को हराकर फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह इसके साथ ही अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम खिताब से अब केवल एक जीत दूर रह गए हैं।

ज्वेरेव ने रोलां गैरो के सेमीफाइनल में 20 वर्षीय मेंसिक को 7-5, 6-2, 3-6, 6-3 से हराकर अपने करियर के चौथे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई। र वि वा र को होने वाले फाइनल में ज्वेरेव का सामना इटली के 14वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली और विश्व रैंकिंग में 104वें स्थान पर मौजूद माटेओ अर्नाल्डी के बीच होने वाले



दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ज्वेरेव को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

## फुटबॉल विश्व कप : अभ्यास मैच में इराक ने स्पेन को ड्रॉ पर रोका

# आइवरी कोस्ट ने फ्रांस को हराया, डूए ने दागा निर्णायक गोल

एजेंसी ▶▶| नांटेस

गुएला डूए ने एक गोल किया और निर्णायक गोल करने में मदद की, जिससे आइवरी कोस्ट ने विश्व कप फुटबॉल के अभ्यास मैच में फ्रांस को 2-1 से हरा दिया। गुएला डूए ने अपने इस प्रदर्शन से न सिर्फ आइवरी कोस्ट की अच्छी तैयारी का सबूत पेश किया बल्कि फ्रांस और उसके डगआउट में मौजूद अपने भाई डेसिरे डूए को भी चौंका दिया।

जब मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब अमाद डियालो ने गुएला डूए के दाहिनी ओर से दिए गए निचले क्रॉस को गोल में तब्दील कर दिया। पहले हाफ के आखिरी मिनट में रायन चेरकी ने दो डिफेंडरों और गोलकीपर याहिया फोफाना को छकाते हुए गोल करके फ्रांस को बढ़त दिलाई थी। आइवरी कोस्ट की तरफ से गुएला डूए ने बराबरी का गोल किया।

### फ्रांस खेलेगा उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ मैच

फ्रांस विश्व कप के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले सोमवार को लिले में उत्तरी आयरलैंड के खिलाफ एक और अभ्यास मैच खेलेगा। वह विश्व कप में 16 जून को न्यू जर्सी में सेनेगल के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर के बीच पहला मैच 14 जून को फिलाडेल्फिया में खेला जाएगा।



### स्पेन को मिला चौंकाने वाला परिणाम

विश्व कप के एक अन्य दावेदार स्पेन को भी अभ्यास मैच में चौंकाने वाले परिणाम का सामना करना पड़ा। उसे ला कोरुना में खेले गए मैच में इराक ने 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। फॉरवर्ड लामिन यामल और निको विलियम्स के बिना खेल रहे स्पेन ने फेरान टोरेस के गोल की बदौलत 16वें मिनट में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इराक की तरफ से मैच समाप्त होने से आधा घंटा पहले मेर्चस डोस्की ने बराबरी का गोल किया। स्पेन के कोच लुइस डे ला फुएंते ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यामल 15 जून को अटलांटा में टीम के विश्व कप के पहले मैच में केप वर्डे का सामना करने के लिए फिट हो जाएंगे। इराक 16 जून को मैसाचुसेट्स में विश्व कप के अपने पहले मैच में नॉर्वे से भिड़ेगा।




# दुनिया की सबसे खतरनाक दवाई गर्भ में खा जाता था बच्चों का अंग

**बर्लिन।** दुनिया के चिकित्सा इतिहास में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जो आज भी रोंगटे खड़े कर देती है। इन्हीं में से एक है थैलिडोमाइड दवा की कहानी। 1950 के दशक में मॉर्निंग सिकनेस यानी गर्भावस्था में उल्टी-मितली से राहत दिलाने के लिए यह दवा दी जा रही थी। डॉक्टर इसे पूरी तरह सुरक्षित बता रहे थे, लेकिन इसने गर्भ में पल रहे बच्चों को भयानक नुकसान पहुंचाया।

थैलिडोमाइड दवा सबसे पहले जर्मनी में विकसित की गई थी। इसे 1957 में बाजार में लाया गया और जल्द ही 40 से ज्यादा देशों में बेचा जाने लगा। महिलाएं इसे नींद की दवा, चिंता कम करने और मॉर्निंग सिकनेस के इलाज के रूप में इस्तेमाल कर रही थीं। शुरुआती दिनों में सब कुछ ठीक लग रहा था। लेकिन, 1960 के आसपास डॉक्टरों को एक अजीब पैटर्न नजर आने लगा। कई महिलाएं ऐसे बच्चों को जन्म दे रही थीं ,जिनके हाथ या पैर बिल्कुल नहीं थे, या बहुत छोटे और विकृत थे। जांच की गई तो खौफनाक खुलासा हुआ।

## बच्चों को हो रहा था नुकसान

डॉक्टर्स ने पाया कि जो महिलाएं गर्भावस्था में इस दवा का सेवन कर रही थीं, उनके कुछ बच्चों के कान नहीं थे, आंखें प्रभावित थीं या आंतरिक अंग क्षतिग्रस्त थे। कई बच्चे जन्म के कुछ समय बाद ही मर जाते थे। जर्मनी के बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विडुकिंड लेंज ने इसकी जांच की और पाया कि समस्या थैलिडोमाइड दवा से जुड़ी है। यह दवा गर्भावस्था के शुरुआती 20-36 दिनों में भ्रूण के विकास को बुरी तरह प्रभावित कर रही थी– ठीक उसी समय जब कई महिलाओं को पता भी नहीं होता कि वे गर्भवती हैं। जब दवा को बाजार से हटाया गया (1961), तब तक नुकसान हो चुका था। दुनिया भर में 10,000 से ज्यादा बच्चे विकलांग पैदा हुए थे। हजारों गर्भपात और मृत जन्म भी हुए थे। सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और एशिया के कई देश शामिल थे।

अद्भुत

# यहां होता है दो दुनिया का मिलन! एक कदम पर बदल जाता है माहौल

## जंगल से रेगिस्तान पहुंच जाते हैं लोग

**ब्रासीलिया।** पृथ्वी पर कई ऐसी जगहें हैं जो देखकर लगता है कि प्रकृति ने अपना जादू दिखा दिया हो। ब्राजील के मरान्हाओ राज्य में स्थित लेनसोइस माराऩ्हेंस ऐसी ही एक अनोखी जगह है जहां जंगल और रेगिस्तान का मिलन होता है। यहां एक कदम आगे बढ़ते ही पूरा माहौल बदल जाता है। सफेद रेत के विशाल टीले एक तरफ और हरे-भरे वनस्पति वाले क्षेत्र दूसरी तरफ. यह देखकर पर्यटक दंग रह जाते है। यह जगह इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में है। पर्यटक यहां आकर वीडियो और फोटो शेयर कर रहे है। इस जगह को देखकर ऐसा लगता है कि दो दुनिया का मिलन हो रहा है।



### रेत और जंगल का मिलन

इस जगह एक तरफ लंबे-लंबे सफेद रेतीले टीले जो रेगिस्तान की याद दिलाते हैं, वहीं कुछ कदम दूर हरे पेड़, झाड़ियां और हरी-भरी वनस्पति नजर आते है। ऐसा लगता है मानो दो अलग-अलग दुनिया एक ही जगह पर बसी हुई हों। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अद्भुत दृश्य महासागर की लहरों, लगातार चलने वाली हवाओं और मौसमी बारिश के कारण बनता है। समुद्र से आने वाली रेत हवाओं के साथ उड़कर टीले बनाती है। बारिश के मौसम में इन टीलों के बीच मीठे पानी के आकर्षक लैगून (तालाब) बन जाते हैं, जो नीले रंग के आकाश की तरह चमकते है। लेकिन, सूखे मौसम में रेत फिर से हावी हो जाती है। यह जगह सूखे रेगिस्तान जैसी नहीं है। यहां की रेत समुद्री है और पूरी तरह सूखी नहीं रहती। यही वजह है कि हरी वनस्पति भी आसानी से बढ़ पाती है। रेस्टिंगा वन, मैंग्रोव और हिलते हुए टीले एक साथ इस इलाके को अनोखा बनाते है।

### दूर-दूर से आते हैं पर्यटक

भारतीय पर्यटक भी अब यहां पहुंच रहे है। एक तरफ रेगिस्तान जैसा नजारा, दूसरी तरफ जंगल। लगता है जैसे फोटोशॉप किया हो, लेकिन यह पूरी तरह रियल है। लेनसोइस माराऩ्हेंस राष्ट्रीय उद्यान का हिस्सा है। यहां साल भर पर्यटक आते रहते हैं, लेकिन बारिश के बाद का समय सबसे खूबसूरत माना जाता है। उस समय टीलों के बीच नीले पानी के तालाब बन जाते हैं, जो फोटोग्राफर्स के लिए स्वर्ग साबित होते है। लोग इन तालाबों में तैरते भी है।

### इकोसिस्टम बेहद संवेदनशील

यह जगह सिर्फ देखने लायक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। यहां का इकोसिस्टम बेहद संवेदनशील है। रेत के टीले लगातार अपनी जगह बदलते रहते है। हवा और पानी की गति पर निर्भर यह पूरा सिस्टम दिखाता है कि प्रकृति कितनी गतिशील है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के साथ संरक्षण की चुनौतियां भी बढ़ रही है। स्थानीय प्रशासन पर्यटकों को निर्देश देता है कि वे प्लास्टिक ना फेंकें और निर्दिष्ट रास्तों पर ही चलें ताकि नाजुक इकोसिस्टम को नुकसान ना पहुंचे।

# प्रकृति का सुपरहीरो, न दर्द होता है, न बुढ़ापा आता है

**नई दिल्ली।** आज हम आपको एक ऐसे अनोखे जीव 'नेकेड मोल रैट' के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे न तो दर्द का अहसास होता है और न ही कैंसर जैसी घातक बीमारी उसका कुछ बिगाड़ सकती है। इस जीव के कारनामे भी किसी सुपरहीरो से कम नहीं है। जब बात अजीबोगरीब जीवों की आती है, तो प्रकृति हमें हमेशा हैरान कर देती है। ऐसा ही एक जीव है 'नेकेड मोल रैट'। पहली नजर में देखने पर यह किसी झुर्रीदार, बिना बालों वाले छोटे से चूहे जैसा दिखता है, लेकिन इसके कारनामे किसी सुपरहीरो से कम नहीं है।



**बिना ऑक्सीजन 18 मिनट तक जिंदा :** आम चूहे या इंसान बिना ऑक्सीजन के कुछ ही मिनटों में दम तोड़ देते हैं, लेकिन नेकेड मोल रैट बिना ऑक्सीजन के भी करीब 18 मिनट तक बड़े आराम से रह सकता है। जब ऑक्सीजन खत्म होती है, तो यह जीव इंसानों की तरह ग्लूकोज का इस्तेमाल करना बंद कर देता है और फ्रुक्टोज से एनर्जी बनाना शुरू कर देता है। यह खूबी आमतौर पर केवल पौधों में पाई जाती है, लेकिन यह स्तनधारी जीव भी ऐसा करने में सक्षम है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com